
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 260 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



झूठ से मेल करने से जीवन की सम्पदा नष्ट हो जाती है।

The wealth of life will get destroyed if we meet falshood.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार स्कूल बस पलटी, पांच बच्चों की मौत

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को एक निजी स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें पांच बच्चों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसे के वक्त बस में कुल 35 से 40 बच्चे सवार थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। एक अधिकारी ने कहा, प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार है। बस में क्षमता से अधिक बच्चे थे।

### काशी विश्वनाथ धाम में धोती-कुर्ता पहनकर पुलिसकर्मी करेंगे मंदिर परिसर की सुरक्षा

**वाराणसी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश स्थित काशी विश्वनाथ धाम परिसर में पुलिसकर्मी अब भक्तों की तरह ही धोती-कुर्ता पहनकर मंदिर परिसर की सुरक्षा करेंगे। हालांकि, ऐसा ही प्रयोग आज से कुछ साल पहले 2018 में किया गया था। मंदिर अधिकारियों के मुताबिक, पुरुष सुरक्षाकर्मी भक्तों की तरह भेष धारण करने के लिए धोती कुर्ता पहनेंगे, जबकि महिला सुरक्षाकर्मी सलवार कुर्ता पहनेंगे। हालांकि, इस विशेष पोशाक को धारण करने से पहले इन सुरक्षाकर्मियों को तीन दिन का प्रशिक्षण लेना होगा कि आखिर कैसे मंदिर में आने वाले भक्तों से संवाद स्थापित किया जाए।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गरियाबंद स्थित मैनपुर के गुरुजी भाठा में किया संबोधित

## कांग्रेसी वोट के लालच में आदिवासियों के बीच भ्रम फैला रही है कि उनका आरक्षण खत्म हो जाएगा : विष्णुदेव साय

**रायपुर/मैनपुर (आरएनएस)।** गरियाबंद स्थित मैनपुर के गुरुजी भाठा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासियों के बीच भविष्य में भाजपा द्वारा आरक्षण खत्म किए जाने के दुष्प्रचार और भ्रम फैलाने पर भी आज जवाब दिया. विष्णुदेव साय बोले- कांग्रेसी वोट के लालच में आदिवासियों के बीच भ्रम फैला रहे हैं कि उनका आरक्षण खत्म हो जाएगा. उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि आरक्षण कभी भी खत्म नहीं होगा. कोई भी ताकत आरक्षण को ख़त्म नहीं कर सकती. उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो अब वे आरक्षण ख़त्म होने का भ्रम फैला रहे हैं. सीएम साय ने जनता से अपील की कि कांग्रेसियों की बातों में नहीं आना है, उसको सबक सिखाना है और इस चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने देना है.



उन्होंने कहा कि आज मोदी जी दुनिया में जहाँ भी जाते हैं, लोग मोदी-मोदी का करना शुरू कर देते हैं। मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। मोदी जी की माता का निधन होने के बाद उन्होंने सुबह दाह संस्कार किया और शाम में देशसेवा के काम में जुट गए। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। श्री साय ने कहा दुनिया के र्वाधिक लोकप्रिय नेता पर अभद्र टिप्पणी करने का कांग्रेसियों को कोई हक नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य था कि 2014 में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में एक सांसद-राज्यमंत्री के रूप में मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ कार्य करने का अवसर मिला। मैंने करीब से देखा कि मोदी जी की पहली प्राथमिकता में देश के गरीबों का विकास है, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मोदी जी ने गरीबों को आवास, गैस-सिलेंडर, जनधन बैंक खाता और शौचालय देने का काम किया। मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े-बड़े वादों को पूरा किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया, कश्मीर से धारा 370 को शांतिपूर्वक हटाया, ट्रिपल तलाक जैसे जटिल कानून को हटाकर मुस्लिम माताओं-बहनों संग न्याय किया। भगवान राम छत्तीसगढ़ के के भांचा हैं, कई सौ वर्षों तक प्रभु श्रीराम टेंट में थे हमारे भांचा राम, अब भव्य मंदिर में स्थापित हो गए हैं। मोदी जी ने ये काम किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। जिन्होंने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में समूचे भारत का मान बढ़ाया है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी सेवा की, सबको समृद्ध बनाया। आज भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए हमें पुनः उनको प्रधानमंत्री बनाना होगा, ये आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगने आया हूँ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दिया। महादेव एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है, एफआईआर भी हुआ है। जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। कभी गद्दे में सोने वाले आज जेल में नीचे सो रहे हैं, मच्छर से परेशान हैं। ये सब उनके किये की सजा उनको मिल रही है। अब प्रदेश में भाजपा की सुशासन की सरकार है।

### मुख्यमंत्री साय ने कवासी लखमा को जमकर लताड़ा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कवासी लखमा और कांग्रेस को जमकर लताड़ा। कवासी लखमा के मोदी मर जा वाले बयान को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों का दिमागी संतुलन बिगड़ गया है, सब पागल हो गए हैं। देश के प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस द्वारा लगातार प्रयोग की जा रही भद्दी भाषा पर मुख्यमंत्री ने आज बेहद कड़े शब्दों में जवाब दिया। गरियाबंद स्थित मैनपुर के गुरुजी भाठा में सीएम ने कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ म कांग्रेसिहा मन के हार दिखत हे, त एमन के दिमाग के संतुलन बिगड़ गे हे। उन्होंने कहा कि आज ये कवासी लखमा का बोलत हे, कि मैं तो जीतत हौं, लेकिन ओ मोदी जी मर जाए, अइसे गोंडी भाषा म बोलत हे। सीएम साय ने जनता से भी पूछा कि क्या कांग्रेसियों का ऐसा बोलना उचित है? उन्होंने कहा कि एमन के दिमाग खराब हो गिस हे, सब पागल हो जात हे एकदम। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक गरीब का बेटा, चाय बेचने वाले का बेटा देश का प्रधानमंत्री हैं। यह बात कांग्रेसियों को बिल्कुल भी हजम नहीं हो रही है।

## करौली में कांग्रेस पर गरजे नरेन्द्र मोदी, बोले- मोदी आराम करने के लिए नहीं पैदा हुआ...

**धौलपुर (आरएनएस)।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के करौली-धौलपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा 4 जून को क्या परिणाम होगा वो आज करौली में स्पष्ट दिख रहा है। करौली बता रहा है कि 4 जून 400 पार... पूरा राजस्थान बता रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये वही कांग्रेस है, जिसने तमिलनाडु के पास के एक द्वीप कच्चातिवु को श्रीलंका को दे दिया था। अब इस देशविरोधी कुकृत्य को कांग्रेस बेशर्मी से जायज ठहरा रही है। कल ही कांग्रेस ने कहा है कि कच्चातिवु पर कोई रहता है क्या। रहता नहीं है तो क्या दे दोगे? ऐसे होती है देशसेवा? ये है इनकी मानसिकता। इनके लिए देश का खाली हिस्सा सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस ने किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया। लेकिन बीजेपी सरकार निरंतर किसानों को समृद्ध बनाने के लिए काम कर रही है। आज देश के 10 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि मिल रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस ने दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को कभी भी अवसर और सम्मान नहीं दिया। बीजेपी ने देश के 50 करोड़ से अधिक गरीबों के जनधन खाते खुलवाए। हमने 11 करोड़ परिवारों के लिए शौचालय बनवाए।

मोदी ने कहा कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जिसने युवाओं की नौकरी में भी लूट के मौके तलाशे हैं। यहां कांग्रेस के संरक्षण में पेपर लीक इंडस्ट्री खड़ी हो गई। मोदी ने आपको गारंटी दी थी, राजस्थान में भाजपा की सरकार आएगी, तो पेपर लीक माफिया जेल के अंदर दिखाई देंगे और मोदी ने अपनी गारंटी पूरी की।

## अनूपगढ़ में गरजे राहुल गाँधी : बोले- मीडिया के लिए सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी की शादी

**अनुपगढ़ (आरएनएस)।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नेता राहुल गाँधी की राजस्थान के रण में एंट्री हो गयी है। राहुल गाँधी ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बीकानेर के अनूपगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है,दूसरे नंबर पर महंगाई। आप हिंदुस्तान की जनता से पूछें तो वो आपको बताएंगे, पहले नंबर पर बेरोजगारी, दूसरे नंबर पर महंगाई मुद्दा है। लेकिन अगर आप हिंदुस्तान की मीडिया से पूछेंगे तो आपको लगेगा कि सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी जी की शादी है। 24 घंटे आपको मीडिया में पीएम मोदी का चेहरा दिखेगा। ये जो मीडिया है इसका काम जनता की आवाज उठाने का है लेकिन ये कभी जनता के मुद्दों के बारे में नहीं बोलते। इनकी गलती नहीं है। ये बोलना भी चाहें तो इनके मालिक इन्हें बोलने नहीं देंगे।



## पाकिस्तान यदि आतंकवाद खत्म नहीं कर पा रहा, तो भारत मदद के लिए तैयार : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश अक्षम महसूस करता है तो भारत आतंकवाद को रोकने के लिए सहयोग करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही राजनाथ ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान एक उपकरण के रूप में आतंक का इस्तेमाल करके भारत को अस्थिर करने की कोशिश करता है तो उसे अपने कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने अगर पाकिस्तान आतंकवाद पर अंकुश लगाने में असमर्थ महसूस करता है, तो भारत आतंकवाद को रोकने में सहयोग करने के लिए तैयार है।



एक इंटरव्यू में रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी धरती से पैदा होने वाले आतंक पर लगाम लगानी चाहिए और जरूरत पड़ने पर भारत अपना समर्थन देने के लिए तैयार है। राजनाथ ने कहा, अगर पाकिस्तान (आतंकवाद पर अंकुश लगाने में) असमर्थ महसूस करता है, तो भारत आतंकवाद को रोकने में सहयोग करने के लिए तैयार है। सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद दुनिया भर में भारत का कद ऊंचा हुआ है। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद पूरी दुनिया में भारत का कद बढ़ा हैं। उन्होंने कहा, पहले जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत बोलता था तो उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन आज दुनिया कान खोल कर सुनती हैं कि आखिर भारत बोल क्या रहा हैं।

## बीएसपी सांसद मलूक नागर हुए आरएलडी में शामिल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव से पहले मायावती को बड़ा झटका लगा है। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वो गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मलूक नागर को गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय लोकदल में शामिल किया। उत्तर प्रदेश के बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। बीएसपी ने इस बार बिजनौर सीट से सांसद मलूक नागर का टिकट काट दिया था।

## जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समाधि स्थल चंद्रगिरि तीर्थ डोंगरगढ़ पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थ स्थित आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के समाधि स्थल के दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। चंद्रगिरि तीर्थ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आचार्यश्री ने अपने जीवनकाल में गो सेवा, बालिका शिक्षा, आयुर्वेद जैसे विषयों पर समाज का मार्गदर्शन किया, जो कि प्रेरणा के योग्य है। मैं उन्हें नमन करता हूँ।

## कांग्रेस को तुष्टिकरण की राजनीति के अलावा कुछ नहीं सूझता : शाह

**मंडला (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश में मंडला संसदीय सीट पर भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला।



उन्होंने कहा कि चुनाव में एक तरफ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा है और दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व में घमंडिया गठबंधन है। जिसका एकमात्र लक्ष्य अपने परिवारजनों को आगे बढ़ाने का है। वहीं, पीएम मोदी का मकसद गरीब, आदिवासी, दलित वर्ग के साथ हर व्यक्ति को आगे बढ़ाने का है। पीएम मोदी चाहते हैं कि देश आगे बढे, मगर कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले चाहते हैं, उनके बेटे-बेटी आगे बढ़े।

अमित शाह ने अपने चुनावी संबोधन में आगे कहा कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनना चाहती हैं, शरद पवार अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सोनिया जी राहुल जी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। बेटा, बेटी ,भतीजा, भतीजी के लिए जो चाहते हैं, वह क्या आपके बारे में कभी सोचेंगे?

गरीबों के जीवन में आए बदलाव का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम पीएम मोदी ने किया है। मध्य प्रदेश के 95 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का फायदा मिला। 70 लाख माता-बहनों के घर में नल से जल पहुंचा। आयुष्मान भारत से करोड़ों गरीबों को 5 लाख तक का पूरा स्वास्थ्य का खर्चा मोदी सरकार दे रही है और 80 लाख घरों में शौचालय बनाकर बहनों को सम्मानित करने का काम किया गया है। 88 लाख माता-बहनों को घर में गैस का सिलेंडर देकर धुएं से मुक्त बनाने का काम किया, तो वहीं 42 लाख गरीबों को आवास मिला। मोदी सरकार देश के 70- 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो अनाज मुफ्त में दे रही है।

## मीसा भारती के बयान पर जेपी नड्डा का पलटवार, चरम पर है विपक्ष की हताशा और निराशा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता और लालू यादव की बेटी मीसा भारती के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि विपक्ष की हताशा और निराशा चरम सीमा पर है और ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।



जेपी नड्डा ने कहा कि जब भी कोई चुनाव आता है तो बार-बार देश की जनता द्वारा नकारा गया विपक्ष अपनी निराशा निकालने लगता है। लेकिन, विपक्षी नेताओं की निराशा खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है।

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगभग 23 वर्षों से देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने 12 वर्ष से ज्यादा समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री और 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में काम किया और उनके ऊपर एक भी दाग नहीं है। ऐसे नेता के बारे में मीसा भारती बोलती हैं कि चुनाव के बाद वह जेल में भेज देंगी।

उन्होंने राजद पर पलटवार करते हुए कहा कि लालू यादव चारा घोटाले में शामिल हैं और स्वास्थ्य के आधार पर अभी जमानत पर बाहर हैं। मीसा भारती पर भी इल्जाम है। जो खुद जमानत पर हैं, जिनसे खुद पूछताछ हो रही है, वो पीएम मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

अंडमान और निकोबार के पोर्ट ब्लेयर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि ऐसे लोगों को जवाब देने का एक ही तरीका है कि लोकसभा चुनाव में जनता को ईवीएम पर कमल का बटन दबाना चाहिए।

## कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता आज भाजपा में शामिल हो गए, जो चुनावी मौसम में सत्तारूढ़ दल के एक और स्पष्ट विपक्षी चेहरे के दलबदल का प्रतीक है।



रोहन गुप्ता कुछ अन्य नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और इसके राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

रोहन गुप्ता ने भाजपा नेतृत्व के 2047 तक 'विकसित भारत' के एजेंडे के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने पिछले महीने अहमदाबाद पूर्व लोकसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

रोहन गुप्ता ने अपने फैसले के लिए कांग्रेस के संचार विभाग से जुड़े एक नेता द्वारा लगातार अपमान और चरित्र हनन को जिम्मेदार ठहराया था।

-फोटो एवं स्टोरी : कमल नयन नारंग

## नए प्रधानमंत्री के नाम का ऐलान, अब इस नेता के हाथ देश की कमान

**ताइपे।** ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के पूर्व अध्यक्ष चो जंग-ताई को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ताइवान में जनवरी में आम चुनाव हुआ था जिसमें स्वतंत्रता-समर्थक उम्मीदवार श्री लाई ने 40.05 प्रतिशत वोट के साथ जीत हासिल की। जो सत्तारूढ़ डीपीपी में भी हैं। सेंट्रल न्यूज एजेंसी (सीएनए) की रिपोर्ट के अनुसार 20 मई को लाई और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति ह्सियाओ बी-खिम के पदभार ग्रहण करने के बाद चो जंग पदभार ग्रहण करेंगे।

## भारत को अब रोका नहीं जा सकता, पीएम मोदी की चीन और पाकिस्तान को दो टूक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीमा विवाद और अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच एक बार फिर विवाद बड़ता जा रहा है। भारत की कोशिश है कि चीन के साथ सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए हल किया जाए। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और विश्व के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने में सक्षम होंगे।

प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के साथ एक इंटरव्यू में की। यह हाल के दिनों में किसी अमेरिकी पत्रिका को दिया गया पीएम मोदी का पहला साक्षात्कार है। वहीं, न्यूजवीक ने कहा है कि भारत की प्रगति को अब रोका नहीं जा सकता है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और मजबूत होती राजनयिक, वैज्ञानिक तथा सैन्य ताकत इसे एक उभरती हुई महाशक्ति बनाती है। अमेरिका और विश्व के लिए इसका महत्व लगातार बढ़ रहा है। मोदी का साक्षात्कार प्रकाशित करने के साथ ही पत्रिका ने उनको अपने कवर पर भी स्थान दिया है। इंदिरा गांधी के बाद वह ऐसे दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें इस वैश्विक समाचार पत्रिका ने यह सम्मान दिया है।

न्यूजवीक को दिए विस्तृत साक्षात्कार में पीएम मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव, पाकिस्तान के साथ संबंध, क्वाड, राम मंदिर और लोकतंत्र समेत तमाम मुद्दों पर बातचीत की है। इस दौरान पीएम ने कहा कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान निकालने की आवश्यकता है। भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व के लिए महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान के साथ संबंधों के बारे में पूछे जाने पर मोदी ने कहा कि उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री को पदभार संभालने पर बधाई दी है।

दैनिक
# विश्व परिवार
## रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खैरागढ़ और राजनांदगांव का शैक्षणिक भ्रमण किया




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के पीजी हिंदी के छात्र-छात्रा द्वारा प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा साहू की शुभकामनाओं के साथ शैक्षणिक भ्रमण हेतु इंदिरा कला एवं संगीत विवि के खैरागढ़ तथा शास दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव का भ्रमण किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो उमाकांत मिश्र के नेतृत्व में एवम अतिथि व्याख्याता पूजाऔर डा मनीष के साथ एम ए द्वितीय तथा चतुर्थ सेम के31छात्र छात्रा खैरागढ़ वि वि के संग्रहालय, नृत्य, संगीत, मूर्तिकला आदि अनेक विभागों की प्रस्तुति देखकर भाव विभोर हो गए। वि वि के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ राजन एवम अंग्रेजी के डा कौस्तुभ रंजन का भरपूर सहयोग मिला। राजनांदगांव कॉलेज मेप्राचार्य डा के एल तांडेकर ने छात्रों को संबोधित किया। डा शंकर मुनि राय एवम मैडम जागृत संग्रहालय त्रिवेणी में बलदेव मिश्र, पदुम लाल बख्शी तथा मुक्तिबोध से संबंधित स्मृति की जानकारी देकर ज्ञानवर्धन किए। इन एतिहासिक स्थलो का भ्रमण कर छात्र छात्रा विशेष उत्साह से भर गए। छात्रों में लीना, हर्ष, तकेश, मुकेश, झरना आदि द्वारा सहयोगपूर्ण भूमिका निभाई गई।

### माजदा अनियंत्रित होकर 20 फिट गहरी खाई में गिरी, तीन लोगों को आई गंभीर चोंट



**कवर्धा (आरएनएस)।** कवर्धा से सड़क हादसे की बड़ी खबर है। यहां मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आ रही तेज रफ्तार माजदा अनियंत्रित होकर हनुमुतखोर के पास 20 फिट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में माजदा के परखच्चे उड़े गए और इसमें सवार तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है। इसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है और बाकी दो को पंडरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ये पूरा मामला कुकदुर थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस घायलों के इलाज के बाद पूछताछ की तैयारी कर रही है, जिससे हादसे की असल वजह सामने आएगी। वहीं अब तक घायलों का नाम सामने नहीं आया है। पुलिस ने घायलों के पास मौजूद मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दे दी है।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण आज एवं कल बीआईटी दुर्ग में, डाक मतपत्र हेतु ड्यूटी आदेश और ईपिक कार्ड की छायाप्रति लाना होगा

**दुर्ग (आरएनएस)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत पीठासीन और मतदान दल क्रमांक 1,2,3 का प्रशिक्षण 12 एवं 13 अप्रैल 2024 को बीआईटी दुर्ग में आयोजित की गई है। दो पालियों में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ एवं मतदान दल प्रशिक्षण नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन से मिली जानकारी अनुसार उक्त प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को डाक मतपत्र आवेदन हेतु निर्वाचन ड्यूटी आदेश और ईपिक कार्ड (मतदाता परिचय पत्र) की छायाप्रति अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिवस साथ में लाना होगा।

### नक्सली सहयोगी कुरियर बॉय पकड़ाया

**मोहला-मानपुर (आरएनएस)।** जिले के सीतागांव में पुलिस और आईटीबीपी की एमसीपी टीम ने नक्सलियों के सहयोगी को पकड़ा है तथा उसके पास से चुनावी विरोधी पर्चे, मोबाइल और बाइक जब्त की गई। पकड़ा गया सहयोगी एक कुरियर बॉय है जो कि कुरियर पहुंचाने के आड़ में नक्सलियों की मदद करता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया कुरियर बॉय अशवंत आंधिया 2022 से नक्सलियों का सामान और पैसा कुरियर करने का काम कर रहा है। कुरियर बॉय कुछ दिन पहले ही एक शीर्ष नक्सल लीडर से मिला था। मोहला-मानपुर पुलिस ने बताया कि नक्सल सहयोगी राजधानी रायपुर में एक व्यक्ति को नक्सलियों का पैसा देने गया था। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## प्रदेश में पहली बार स्टेट अंडर-17 फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप आज से भिलाई में

### आयोजन को लेकर प्रदेश के शतरंज खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह, रिकॉर्ड एंट्री

**दुर्ग (आरएनएस)।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान व प्रदेश संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन मे जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा प्रदेश में पहली बार अंडर-17 आयु समूह की फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा एवम जिला स्तरीय अंडर 13 ओपन एवम गर्ल्स स्पर्धा का आयोजन सेक्टर 5 भिलाई स्थित आंध्रा भवन में किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन कल दोपहर 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आंध्रा साहित्य समिति के सचिव टी एस राव दुर्ग लोहाणा महाजन समिति की महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती पूनम राजा प्रदेश शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष प्रदीप दास,सहसचिव सुबोध कुमार सिंह,चीफ आर्बिटर रॉकी देवांगन के आतिथ्य में किया जाएगा। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त चैंपियनशिप दुर्ग में होने वाली थी जिसे कुछ कारणवश स्थगित कर भिलाई सेक्टर 5 स्थित आंध्रा भवन में इसका आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर प्रदेश के शतरंज खिलाडियों में जबरदस्त उत्साह है। स्पर्धा में अंडर 17 रेटेड ओपन एवम गर्ल्स चेस चैंपियनशिप में लगभग 110 खिलाड़ी एवम जिला स्तरीय अंडर 13 ओपन एवम गर्ल्स चेस टूर्नामेंट में लगभग 40 खिलाडियों ने भाग लिया है। स्पर्धा में आदिवासी अंचल बस्तर,सरगुजा के अलावारायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, राजनांदगांव, दुर्ग भिलाई सहित प्रदेश के अन्य जिले के खिलाड़ी शामिल है।



स्पर्धा के प्रथम 2 बालक व 2 बालिका खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जायेगा। स्पर्धा में दोनो केटेगरी के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई है जिसमे प्रथम पुरस्कार 7000 व ट्रॉफी, द्वितीय 5000 व ट्रॉफी, तृतीय 3000 व मोमेंटो, चतुर्थ 2000 व मोमेंटो प्रदाय किया जाएगा। इसी तरह से समान ईनाम की राशि व ट्रॉफी ओपन केटेगरी में भी प्रदान किए जायेंगे। स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी को ई सर्टिफिक्रेट व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

बस्तर संभाग व सरगुजा संभाग के लिए स्पेशल प्राइज के तहत 1500-1500 रुपए की नगद राशि व मोमेंटो प्रदान किए जायेंगे। जिला स्तरीय 13 ओपन एवम गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट में अंडर 7, 9, 11 एवम अंडर 13 में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़िओ को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। उक्त चैंपियनशिप के मुख्य निर्णायक रॉकी देवांगन एवम सीनियर नेशनल आर्बिटर दिव्यांशु उपाध्याय हैं। आयोजन की तैयारी में जिला शतरंज संघ के पदाधिकारी ललित वर्मा, एसके भगत, चित्रांश अग्रवाल, जयंता दास, आरके ताम्रकार, दिनेश जैन, इम्तियाज अली, संजय खंडेलवाल, मोरध्वज चंद्राकर सहित अन्य लोग जुटे हुए हैं।

## लोकसभा निर्वाचन-अधिसूचना का प्रकाशन आज, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 को

### कलेक्टोरेट स्टाफको सुबह 10 बजे तक करना होगा प्रवेश

**दुर्ग (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शनिवार 20 अप्रैल 2024 पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 22 अप्रैल 2024 अपराह्न 3 बजे तक है। मतदान मंगलवार 7 मई 2024 को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरुवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन कार्य संपन्न होगा।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग अंतर्गत न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 04 (प्रथम तल) कार्यालय कलेक्टर दुर्ग में नाम निर्देशन कक्ष की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी, उनके प्रस्तावक एवं निर्वाचन अभिकर्ता सभी मिलाकर अधिकतम 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग ऑफ्सिर के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार से होते हुए न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 04 (प्रथम तल) में पहुंच सकेंगे। 100 मीटर के दायरे तक अभ्यर्थी तथा उनके अभिकर्ता के कुल तीन वाहनों को ही आने की अनुमति होगी। वाहनों के उपयोग हेतु पूर्व से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कलेक्टोरेट के स्टाफ सुबह 10 बजे तक कलेक्टोरेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे।

निर्वाचन लड़ने वाले सामान्य अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि 25 हजार रूपए, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 12 हजार 500 रुपए निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र प्रारूप 2ए कलेक्टर कार्यालय के खनिज शाखा में नोडल अधिकारी राघवेन्द्र वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अथवा नियुक्त किए गए कर्मचारी से प्राप्त किये जा सकेंगे। मतदाता सूची का अवलोकन कलेक्टर कार्यालय के आबकारी शाखा में नोडल अधिकारी आदित्य कुंजाम अधीक्षक भू-अभिलेख अथवा संबंधित कर्मचारी के माध्यम से कर सकेंगे। निक्षेप राशि नगद जमा कर रसीद प्राप्त किये जा सकेंगे। निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी को एक पृथक बैंक अकाउंट नामांकन दाखिल करने के कम से कम 1 दिन पूर्व खोलना होगा एवं नामांकन पत्र दाखिल करते समय अभ्यर्थी को इस पृथक बैंक अकाउंट का उल्लेख करना होगा। निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख रुपए होगी।

## युवाओं ने विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की



**राजनांदगांव (विसं)।** मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने युवाओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। युवा वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहा गया। युवाओं ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी।

युवाओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वीप कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

## भाजपा बताये छत्तीसगढ़ में कहां चल रही है मेट्रो और बुलेट ट्रेन : कांग्रेस

### भाजपा मोदी का पोस्टर लगाकर बुलेट ट्रेन का दावा कर रही जबकि छत्तीसगढ़ में 62000 ट्रेनें रद्द हुई यात्री ट्रेन के लिए भटक रहे हैं

**रायपुर (आरएनएस)।** भाजपा के द्वारा मोदी का पोस्टर लगाकर मेट्रो,वंदे भारत और बुलेट ट्रेन बढ़ाने के दावा पर कांग्रेस ने तंज कसा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपाई होर्डिंग में दावा कर रही है कि वह मेट्रो और बुलेट ट्रेन का विस्तार करेंगे, भाजपा बताये छत्तीसगढ़ में कहां चल रही है मेट्रो और बुलेट ट्रेन जिसे वो विस्तार करने का दावा कर रहे हैं भाजपा नेताओं को सरे आम पोस्टर लगाकर झूठ प्रचारित करने में शर्म महसूस नहीं हुआ. भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता को क्या नासमझ समझती हैं ढ़ोल नगाड़ा के साथ एक वन्दे भारत ट्रेन शुरू हुई भी थी. जिसकी महंगी टिकट ने गरीब मजदूर किसान छात्र आम आदमी को वंदे भारत से दूर किया.और यात्री नहीं मिलने के चलते फेल हो गई.अंत में मोदी सरकार के रेल मंत्रालय ने वंदे भारत के डिब्बो की संख्या में कटौती करके बाकी यात्री डिब्बो को किसी और प्रदेश के वंदे भारत ट्रेन में जोड़कर मोदी से हरी झंडा दिखावा दिया।



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के सांसदों को शर्म आना चाहिए बीते 3 साल में छत्तीसगढ़ से चलने वाली एवं होकर गुजरने वाली लगभग 62000 ट्रेनें रद्द हुई है. और आज भी दर्जनों ट्रेनों को रद्द किया गया. प्रदेश की जनता को ट्रेन यात्रा से मोदी सरकार ने वंचित किया है जिस पर भाजपा के सांसद मौन थे भाजपा सांसदों ने दम नहीं दिखाया कि प्रदेश की जनता की परेशानियों को मोदी सरकार के आगे रखें. जनता की ट्रेन बंद रही है और अडानी की ट्रेन कोयला लेकर दौड़ते रही है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के इस प्रकार से लोक लुभावने पोस्टर की समीक्षा जनता करेगी और लोकसभा में भाजपा के झूठ के खिलाफमतदान करेगी। मोदी राज में न वादा अनुसार रोजगार मिला न महंगाई कम हुई ना किसानो की आमदनी बढ़ी है. अगर बढ़ोतरी हुआ है तो वह प्रदेश के जनता की परेशानियों में हुआ है।

## 14 को बाबा साहेब आंबेडकर जयंती मानने तथा 19 को मतदाता जागरूकता रैली निकालने अधिवक्ता परिषद का निर्णय

**दुर्ग (आरएनएस)।** 10 अप्रैल मंगलवार को अधिवक्ता परिषद जिला दुर्ग की बैठक जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के सभागार में संपन्न हुई ,जिसमें दिनांक 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया, एवं इसी परिपेक्ष में संवैधानिक दायित्व के तहत 19 अप्रैल शुक्रवार को राष्ट्रीय हित मे लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान हेतु आम जन मानस को प्रेरित करने के लिए जिला न्यायालय परिसर, जिला कार्यालय परिसर एवं तहसील कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता रैली निकालने का निर्णय लिया गया । उक्त बैठक में अधिवक्ता परिषद दुर्ग के अध्यक्ष समीर कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राजेश महाडिक, महामंत्री दीपेंद्र देशमुख, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, संरक्षक श्रीमती सुनीता चोपड़ा, अधिवक्ता संघ दुर्ग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, परिषद की सहमंत्री श्रीमती एम कामाक्षम्मा महिला प्रमुख श्रीमती कविता गिरी गोस्वामी सहित अधिवक्ता संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल , एम.के. दिल्लीवार, मनोज मून, मो. दानिश परवेज, श्रीमती नीता साहू,भावेश कटारे, गिरीश अग्रवाल, हिमांशु चंद्राकर सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे। यह जानकारी अधिवक्ता परिषद के कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने दी है।

## पंडरी के दस दुकानों का ताला तोड़ चोरी करने वाला चोर पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के पंडरी में गत 9 अप्रेल की रात एक साथ दस दुकानों में चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक आदतन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने इसके पहले भी चोरी,नकबजनी तथा आर्म्स एक्ट के तहत में जेल जा चुका है।

बता दें कि 9 अप्रेल की रात राजधानी के पगारिया काम्पलेक्स पुराना बस स्टैण्ड पंडरी स्थित दस दुकानों में चोरी की वारदात हुई थी। दूसरे दिन 10 अप्रेल को जब दुकानदार सुबह दुकान खोलने आये तो इसकी जानकारी हुई और सबसे पहले पहुंचे दुकानदार अमर परचानी ने अन्य दुकानदारों को इसकी जानकारी दी तथा थाना देवेन्द्र नगर में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 152/24 धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटनाओं को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना देवेन्द्र नगर को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थलों का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित अन्य दुकानदारों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही तरीका वारदात के आधार पर चोरी के प्रकरणों में हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को जानकारी मिली कि राजातालाब नई बस्ती निवासी ईजहान खान जो पूर्व में भी चोरी के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है।

## राजनैतिक भाषा की मर्यादा को भाजपा गिरा रही : कांग्रेस

### भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से लगातार अभद्र पोस्ट हो रही

**रायपुर (आरएनएस)।** मोदी की नाकामियों पर पर्दा डालने के लिये भाजपाई अनर्गल और झूठे बयानबाजी पर उतर आये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बेहद शर्मनाक है कि देश और प्रदेश में सरकार चलाने वाली भाजपा अब विपक्षी दल के नेताओं की तुलना कुत्ते की पूंछ से कर रही है। यह भाजपा का संस्कार है। भाजपा बतायें विपक्ष को कुत्ते की पूंछ कहना कौन सी मर्यादा चुनाव में राजनैतिक प्रहारों का विलाप करने वाले भाजपाई राजनीति के स्तर को गिरा रहे है। भाजपा का आईटी सेल कांग्रेस नेताओं और प्रत्याशियों का स्तरहीन पोस्टर बना कर भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर लगातार पोस्ट करता है, जिसमें राजनैतिक भाषा शैली की मर्यादा को तार-तार किया जाता है जब अपने पर आती है तो भाजपाई विलाप करने लग जाते है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव शुरू होते ही भाषाई मर्यादा का उल्लंघन भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से जारी पोस्टरों से हुई है जो आज तक जारी है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी को कांच की गुड़िया बनाकर प्रस्तुत करना चाहती है उनके खिलाफ राजनैतिक बयान को भाजपाई एजेंडा बना कर प्रस्तुत करने में लगे है। यदि आप सत्ता में है राजनीति में है तो आलोचना सहने की ताकत भी रखना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने तो सांसद के बाहर और संसद में अनेकों बार विपक्षी दल के नेताओं के लिए अभद्र टिप्पणियां किया है जो प्रधानमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ था तब भाजपाईयों की सुचिता कहां गई थी कांग्रेस पर उंगली उठाने के पहले भाजपाई अपने गिरेबान में झांके।

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर अभद्र टिप्पणी किया तब भाजपाई चुप थे। भाजपाई बतायें एक सांसद की दिवंगत पत्नी को 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहा। संसद के भीतर महिला सांसद को सुर्पनखा कहा। शहीद परिवार की एक सर्वमान्य नेत्री को कांग्रेस की विधवा और जर्सी गाय कहा। पूर्व प्रधानमंत्री और विख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह पर रेनकोट पहनकर नहाने की बात कहकर मजाक बनाया। निर्वाचित मुख्यमंत्री को मायावी राक्षस कहा। भारत मे जन्म लेना पाप है विदेशों में जाकर मोदी ने कहा।

## पांच बोरी पीडीएस चावल अवैध परिवहन करते पकड़ाया

**मोहला (आरएनएस)।** कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन के निर्देशन में गत दिवस 10 अप्रैल को खाद्य विभाग द्वारा जांच अभियान के दरमियान अवैध रुप से परिवहन करते पीडीएस चावल जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई किया गया है। ग्राम पंचायत मिचगाँव, विकास खण्ड मानपुर में ट्रक क्रमांक CG05D1886 की जाँच खाद्य अधिकारी श्री आशीष रामटेके एवं सहायक खाद्य अधिकारी श्री संजय कौशिक, खाद्य निरीक्षक मानपुर हेमंत नायक और विश्वनाथ बंजारे द्वारा किया गया। जाँच करने पर उक्त ट्रक में 5 बोरी मे 2.5 क्विंटल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण करने वाला चावल का अवैध परिवहन पाए जाने के कारण चावल सहित ट्रक को जप्त किया गया है।

## श्री लोहाणा समाज में दरियालाल देव की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई






**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री गुजराती लोहाणा समाज के कुलदेवता श्री दरियालाल देव की जयन्ती धूमधाम से आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार मे बुधवार 10/04/24 को मनाई गई। सर्व प्रथम प्रात: 09 बजे कुल देवता की स्थापना एंव पूजा के पश्चात आरती समाज के ज्ञाति बंधु द्वारा की गयी। अध्यक्ष किशन भाई मिरानी ने बताया वही इस कार्यक्रम में एक नयी पहल के रूप में समाज के वरिष्ठजन जिनकी विवाह के स्वर्णिम पचास वर्ष पूर्ण हुए ऐसी पंद्रह दंपत्तियो को परंपरागत एवम विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान उपरांत 108 दीपदान एवम छप्पन भोग लगाया गया, महा आरती की गई एवम महाप्रसादी का भी आयोजन रखा गया था।

वहीं इस कार्यक्रम मे समाज के लोगो मे जागरुकता लाने हेतु सचिव यशेष रायचुरा ने बताया की मानवता की सेवा हेतु विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन एवम थैलेसीमिया जैसी गंभीर बिमारी के फैलाव को रोकने हेतु थैलेसीमिया रक्त जांच शिविर एवम दंत जांच शिविर भी लगाया गया था।

इस धार्मिक कार्यक्रम मे संस्था के अध्यक्ष किशन मीरानी एंव महिला मंडल अध्यक्ष मीना पुजारा तथा युवा मंडल अध्यक्ष विशाल ठक्कर एवम् समाज के हितेश रायचुरा, भारत चरोडा ललित जोबनपुत्र, मनीष पारपाणी, प्रकाश पुजारा, शरद मीरानी, राजेश लखानी मनीष पारेख, भूपेश पोपट, विनोद संघांनी, रमेश भाई नथवानी, विशाल ठक्कर कपिल पारपाणी, रेखा रायचुरा, रश्मि मीरानी नेहा मानेक, शीतल चरोडा, प्रिया पारपाणी, नीता ठक्कर का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी संस्था के जन सम्पर्क अधिकारी प्रकाश पारपाणी द्वारा दी गयी।

# कोरोना काल में कहां गायब रहीं पालक सांसद कोरबा के हक का करोड़ों रुपए कहां गया

## सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा-कांग्रेस की सरकार में अग्निवीर के जवानों को रिटायरमेंट तक नौकरी



**कोरबा(विश्व परिवार।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का कोरबा संसदीय क्षेत्र में लगातार सघन दौरा व जनसंपर्क जारी है। इसी कड़ी में सांसद ने कटघोरा विधानसभा के चोढ़ा, कोरबी आदि गांवों में जनसंपर्क किया। ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा की पालक सांसद जो दुर्ग और दिल्ली की रहने वाली हैं, उस वक्त कहां थी जब कोरोना की महामारी फैली थी। उन्होंने कोरबा की जनता के लिए कुछ क्यों नहीं किया? मैंने अपने क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपए बांटे ताकि आक्सीजन सिलेंडर और किट खरीदे जा सकें। लोगों की जान बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत कुछ काम किया और जब पैसे कम पड़ रहे थे तो हम लोगों ने अपना वेतन तक दे दिया। इस मुसीबत के वक्त कोरबा की पालक सांसद क्या कर रही थीं जो आज लोगों के बीच घूमकर वोट मांग रही हैं। सांसद ने बताया कि पालक सांसद ने अभी चुनाव में खड़े होने पर सीधे 12 करोड़ रुपए बांट दिया लेकिन हम सांसदों को हर साल 5-5 करोड़ रुपए क्षेत्र में खर्च करने के लिए मिलते हैं तो पालक सांसद ने 5 साल तक वो करोड़ों रुपए कोरबा संसदीय क्षेत्रवासियों को क्यों नहीं दिया? उन्होंने जय जवान जय किसान को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार अग्निवीर योजना में अस्थायी नौकरी दे रही हैं और 4 साल में निकाल देगी लेकिन कांग्रेस सरकार आप लोग चुनकर लाइए, रिटायर होने तक अग्निवीर के जवानों को नौकरी देंगे। किसानों के लिए एमएसपी लाया जाएगा जिसमें उनके उपयोगी सभी सामानों से जीएसटी हटाई जाएगी और कर्ज माफ करेंगे। किसानों को उनके फसल की प्राकृतिक आपदा में क्षतिपूर्ति होने पर 30 दिवस के भीतर मुआवजा दिया जाएगा।

## महुआ के लालच में वृद्ध महिला ने गंवाई जान

**कोरबा(विश्व परिवार।** कोरबा के कटघोरा वन मंडल में भालू के हमले में एक वृद्ध महिला की जान चली गई। वन विभाग ने सरकारी प्रावधान के अंतर्गत मृत महिला के परिवार को इस सिलसिले में 6 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति देना तय किया है। परिवार को प्रारंभिक सहायता दे दी गई है। घटना गोलबहरा गांव की है। बताया जा रहा है,कि 70 वर्षीय मंगली बाई महुआ बिनने जंगल गई हुई थी,तभी भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू के हमले में मंगली बाई गंभीर रुप से घायल हो गई। मंगली की चीख पुकार सुनकर दूसरी महिलाएं मौके पर पहुंची,जिसके बाद भालू को मौके से खदेड़ा गया और घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई मौके पर पहुंची। रेंजर दहायत और पुलिस के द्वारा इस मामले में अगली कार्यवाही की गई। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि वन्य प्राणियों के हमले में होने वाली मौत को लेकर संबंधित परिवारों को क्षतिपूर्ति देने के नियम हैं। गोलबहरा गांव में भालू के हमले में मृत महिला के परिजनों को 6 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

# रेल असुविधा को हटाकर यात्रियों को दी जाएगी राहत




**कोरबा(विश्व परिवार।** भारत सरकार के रेल मंत्रालय की यात्री सुविधा समिति की सदस्य विभाश्वनी अवस्थी ने कोरबा का दौरा करने के साथ कई चीजों को जाना। उन्होंने नागरिकों को हो रही परेशानी को समझने के साथ उच्चाधिकारियों से चर्चा की। कहा गया कि अविलंब सभी तरह की अवुविधा हटाने के साथ जनता को राहत देने का काम किया जाए। रेल संघर्ष समिति कोरबा के जनप्रतिनिधि रामकिशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,अंकित सावलानी समेत गई लोगों की मुलाकात श्रीमती विभाश्वनी अवस्थी से हुई जिस पर यात्री गाडियों को लेकर के काफी गंभीरता से चर्चा हुई अवस्थी जी ने दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक विजय कुमार साहू को फोन लगाकर तत्काल यात्री सुविधाओं को बहाल करने एवं रेल में आ रही असुविधाओं को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए जीएम को कहा है साथ ही 10 दिन के भीतर बिलासपुर में अस्वथी जी के नेतृत्व में जीएम एवं डीआरएम से रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारी के साथ बैठक की जाएगी कई यात्री गाडियों के प्रस्ताव लंबित अरसा गुजरने के बाद भी कोरबा-राउरकेला, कोरबा-दिल्ली और कोरबा-बीकानेर के लिए एक्सप्रेस गाड़ी चलाने से संबंधित प्रस्ताव लंबित है। इन पर पत्राचार हुआ और कार्रवाई की बात की गई लेकिन नतीजे नहीं आए। रींवा और इंदौर एक्सप्रेस को कोरबा से चलाने की मांग पर भी केवल आश्वासन प्राप्त हुए हैं लेकिन नतीजे जस के तस हैं। इस बारे में रेलवे के उच्चाधिकारियों को कई चीजें बताई जा चुकी हैं जिसमें कहा गया है कि बिलासपुर में अनावश्यक खड़े रहने वाली गाडियों को कोरबा से चलाने में कोई समस्या नहीं है इससे रेलवे को अधिक राजस्व प्राप्त होगा।

# स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाते हुए मतदाताओं को करें जागरूक

### स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा ने ली बैठक

**कोरबा(विश्व परिवार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा ने स्वीप कोर कमेटी के सदस्यों की जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने नए युवा मतदाताओं, कर्मचारियों, श्रमिकों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने स्वीप अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री मिश्रा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वीप गतिविधियां मानव श्रृंखला, बाइक रैली, साइकल रैली, दिव्यांगजन रैली, नुक्कड़-नाटक, पोस्टर बनाओ, रंगोली बनाओ तथा नारा लेखन आदि कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाते हुए मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। स्वीप की गतिविधियों में एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड तथा महाविद्यालयीन छात्रों, स्वहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीईओ श्री मिश्रा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देने के भी निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने अनिल राठौर और विजय सारथी के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

**कोरबा(विश्व परिवार।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री अजीत वसंत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-03 एवं 05 के तहत हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम भलपहरी निवासी अनिल राठौर, पिता स्व. व्यास नारायण राठौर (30 वर्ष) और थाना कोतवाली अंतर्गत मोतीसागर पारा निवासी विजय सारथी, पिता कृपाराम सारथी के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की है। दोनों को एक वर्ष की अवधि के लिए 24 घंटे के अंदर जिला कोरबा तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए। अनावेदक अनिल राठौर चोरी, गृहभेदन, मारपीट, आर्म्स एक्ट, शराब बिक्री व अन्य मामलों में संलिप्त रहा है। इसी तरह अनावेदक विजय सारथी दंगा, धमकी देना, शराब एवं नशीली पदार्थों की बिक्री, मारपीट, लूटपाट सहित अन्य मामलों में संलिप्त रहता है। उनके कृत्यों में किसी प्रकार का सुधार नहीं होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जिला बदर की कार्यवाही की गई है। न्यायालय जिला दण्डाधिकारी की ओर से पारित आदेश के अनुसार तत्काल इसका पालन करते हुए दोनों को कोरबा एवं आदेश में उल्लेखित जिला क्षेत्र से बाहर चले जाने एवं जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए कोरबा जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं आदेश का तुरंत पालन किए जाने व आदेश का पालन नहीं होने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं।

# रंगोले नाला में अज्ञात युवक की मिली जली लाश

### पुलिस अधिकारी सहित कई टीमें जुटी जांच में

**कोरबा(विश्व परिवार।** जिले के पाली थानांतर्गत ग्राम रंगोले से एक किमी आगे नाला के पास एक अज्ञात युवक की लाश मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंचकर घटना स्थल पर कैंप किये हुए हैं। जानकारी के अनुसार पाली टीआई चमन कुमार सिन्हा अपने क्षेत्र के एक मामले की विवेचना में आज सुबह लगे हुए थे। उसी समय अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल से फोन कर सूचना दिया कि एक अज्ञात व्यक्ति की आग से जली हुई लाश रंगोले से एक किमी आगे नाला के पास निर्जन स्थान में पड़ी हुई है। इस खबर के सुनते ही पाली टीआई सिन्हा ने तत्काल एक ओर जहां हमाराह स्टाफसे मौके पर उक्त लाश के तस्दीक होने के लिए रवाना किया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने तत्काल एसपी सिद्धार्थ तिवारी को भी इस घटना की जानकारी दिया। जिसके बाद वे स्वयं घटना स्थल ग्राम रंगोले रवाना हो गए। बताया जाता है कि पाली टीआई द्वारा खबर दिए जाने एसपी ने तत्काल एएसपी कोरबा यूकेएस चैहान तथा कटघोरा एएसपी श्रीमती नेहा वर्मा के साथ एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर को ग्राम रंगोले के लिए रवाना कर दिया। पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी अपने मातहतों एवं पाली टीआई के साथ पहुंच गए। वहां पाली पुलिस ने ग्राम रंगोले में कैंप ऐसे लगा दिया है कि मानों पूरा रंगोले नाला एवं उसके आसपास के इलाका छावनी का दृश्य दिख रहा है। इसके अलावा डॉग स्क्वायड के साथ ही फोरेंसिक विशेषज्ञ को भी घटना स्थल भेजा जा रहा है। जिससे कि इस मामले का खुलासा किया जा सके। एएसपी द्वय एवं एसडीओपी कटघोरा के नेतृत्व में पाली टीआई के अलावा आसपास के स्टाफ का भी सहयोग लिया जा रहा है। प्रथम दृष्टया उक्त लाश कहां से आई और किसकी है, इस हेतु शिनाख्त की कार्यवाही जोर-शोर से की जा ही है। कोरबा एएसपी श्री चैहान एवं कटघोरा एएसपी के संयुक्त दिशा निर्देशन में कोरबा साइबर सेल सह क्राइम ब्रांच के एएसआई अजय सोनवानी, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पांडेय, आरक्षक रितेश शर्मा की टीम को इस मामले में गोपनीय तरीके से पतासाजी करने के लिए लगा दिया गया।

# कई मसलों पर विचार हुआ कांग्रेस की बैठक में




**कोरबा(विश्व परिवार।** लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने का, संविधान को बचाने के लिए चुनाव है। इसलिए हम सभी कांग्रेस जनों की यह जिम्मेदारी है कि इस चुनाव में पूरी निष्ठा एवं क्षमता के साथ घर-घर पहुंच कर जन-संपर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी न्यायपत्र एवं जारी गारंटी को जन-जन तक पहुंचाना है। उक्त उद्गार कोरबा लोकसभा के कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने व्यक्त किया। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी ने देश को आजादी के लिये बहुत लम्बे समय तक स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और 1947 में देश आजाद होने के बाद विश्व की सबसे अच्छी लोकतांत्रिक शासन प्रणाली स्थापित करते हुए दुनिया के सबसे बड़े संविधान का निर्माण कर उसमें समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा का प्रावधान किया खासकर के समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के लिए भी अधिकारों का प्रावधान किया। कोरबा लोकसभा की सांसद एवं कांग्रेस पार्टी की ओर से घोषित प्रत्याशी श्रीमति ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने उद्बोधन में बताया की कांग्रेस आलाकमान ने मुझे पिछली बार भी कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया था और आप सबके सहयोग एवं आशीर्वाद से कोरबा लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला और वर्तमान चुनाव में भी आप के परिश्रम से एक बार फिर सफलता मिलेगी। बैठक को पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिलाध्यक्ष श्रीमति सपना चैहान, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सुरेश सहगल, हरीश परसाई, संतोष राठौर, श्रीमति उषा तिवारी, प्रशांत मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, यु. आर महिलांगे, सनत दास दीवान, ने भी संबोधित किया। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले से आये आदिवासी (भैना) समाज के सैकड़ों सदस्यों ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर माननीय फुलसिंह राठिया, माननीय पुरुषोत्तम कंवर, सत्येन्द्र वासन, श्याम सुंदर सोनी, बंटी शर्मा, राम कुमार सिंह राठौर, मुकेश कुमार राठौर, दुष्यंत शर्मा, कुसुम द्विवेदी, हाजी इकबाल दयाला, रामगोपाल यादव, गजानंद प्रसाद साहू, मो. शाहीद, लक्ष्मी नारायण देवांगन, हरीश चंद्र निषाद, दीपक कुमार जैन, गौरी चैहान, सुकसागर निर्मलकर, प्रशांती सिंह, रंजना सिंह, सुनीता केशरवानी, प्रदीप पुरायणे, नारायण लाल कुर्रे, फुलसिंह पैकरा उपस्थित रहे।

## किसान ने जहर सेवन कर खुदकुशी की

**कोरबा(विश्व परिवार।** चिर्रा गांव में रहने वाले एक किसान ने जहर का सेवन कर खुदकुशी कर ली। मृतक क नाम चरण सिंह राठिया है,जिसने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया। इस बात का पता नहीं चल सका है। पांच अप्रेल को चरण सिंह ने जहर का सेवन किया था, मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने उसे धर्मजयगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था,वहां करीब चार घंटे तक उपचार चलने के बाद चिकित्सकों ने चरण को रायगढ़ ले जाने की सलाह दी लेकिन दूरी अधिक होने के कारण चरण को परिचन कोरबा के जिला अस्पताल ले आए,बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आग से जले अधेड़ की उपचार दौरान मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालकोनगर थाने की रजगामार चैकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुलसीडीह निवासी एक अधेड़ की आग से जलने के बाद तीन माह से उपचार के बावजूद भी स्वस्थ नहीं होने पर आज सुबह उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम भुलसीडीह निवासी गोपाल सिंह उम्र 47 पिता ग्रहण सिंह राठिया तीन माह पूर्व आग से 40 फीसदी जल गया था। जिसके कारण उसे उपचार के लिए कोरबा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के दौरान उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। अंततरू तीन माह बाद उसकी आज सुबह मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर अस्पताल चैकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल के चीरघर भिजवा दिया। अस्पताल चैकी पुलिस द्वारा मामले की मर्ग डायरी विवेचना के लिए रजगामार चैकी पुलिस को रेफर की जा रही है।

### भारी वाहन 14 व 16 चक्का ट्रकों को राखड़ बांध में करें प्रतिबंधित: दीपक वर्मा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शहर एनएसयूआइ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने बालको राखड़ बांध से 14 व 16 चक्का वाहन पर प्रतिबंध को लेकर कलेक्टर से मांग की। दीपक ने कहा कि पूर्व में लो लाइन माइंस को बंद कर दिया गया था, क्योंकि बांध के चारों तरफ घनी बस्ती बसी हुई है। जिससे बांध के फूटने की संभवाना बनी हुई थी, लेकिन आपसी समझौता होने पर सिर्फ 12 चक्का वाहन को ही अनुमति दी गई थी। कुछ समय के पश्चात फिर से 14 से 16 चक्का ट्रकों को चलाया जा रहा, जो समझौता के खिलाफ है। दीपक ने कहा की यदि प्रशासन इस पर उचित कार्रवाई नहीं करेगा तो निकट भविष्य में गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। जिसमें भयंकर जान माल का नुकसान होगा। उन्होंने कहा की यदि हमारे उचित मांग पर कार्रवाई नहीं होगी तो एनएसयूआइ जन मानस के साथ मिलकर एक बड़े आंदोलन की रुपरेखा बनाकर पुरजोर विरोध करेगी। जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन वह बालको प्रबंधन की होगी।

### सांसद ज्योत्सना ने पुष्पवर्षा कर किया रामभक्तों का स्वागत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शहर में निकाली गई दिव्य झांकियों के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। सांसद ने कोरबा शहर व पॉवर हाऊस रोड में रामभक्तों और दिव्य झांकियों में जीवंत स्वरूपों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया और जय श्रीराम का जयघोष किया। पॉवर हाऊस रोड में सांसद शोभायात्रा में शामिल हुई और पैदल चलकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, गीता महंत, गीता गभेल, पुत्र सूरज महंत आदि भी उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल ने मड़वारानी में पेयजल एवं शरबत वितरण का शुभारंभ

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पुलिस सहायता केन्द्र के पास मां मड़वारानी में नवरात्रि पर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए पेयजल एवं शरबत वितरण का शुभारंभ किया गया। द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स एम डि 3233 के पूर्व वाईस काउंसिल चेयरमेन, पीडिजी एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के डायरेक्टर तथा नितेश कुमार मेमोरियल ट्रस्ट के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में, जोन चेयरमेन लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना, लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल, क्लब सचिव लायन सुभाष चंद्र अनंत, कोषाध्यक्ष लायन पार्वती दास, दर्शन अग्रवाल तथा विद्यालय के अध्यापकगणों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आज प्रात: 11 बजे इसका शुभारंभ किया गया। क्लब द्वारा इस पूण्य कार्य को 17 अप्रैल रामनवमीं तक संचालित किया जाएगा। यहां मड़वारानी मंदिर में नवरात्रि पर हजारों की संख्या में रोज श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसके अलावा कोरबा-चांपा मार्ग में लोगों की काफी आवाजाही होती है और मां मड़वारानी के पास लोग अवश्य ही रूकते हैं। भीषण गर्मी के कारण लोगों का गला सूख जाता है, लोगों को राहत देने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब द्वारा शरबत वितरण केन्द्र खोला गया है। इस कार्य में क्लब के सदस्यों के अलावा विद्यालय के अध्यापक गण भी सहयोग करते हैं। इस रचनात्मक कार्य का लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

## संपादकीय

## चीन का भारत के विरुद्ध संघर्षपूर्ण रवैया जारी की.

चीन ने भारत के विरुद्ध टकराव एवं संघर्षपूर्ण रवैया जारी रखते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नए नामों की चौथी सूची जारी की है। इससे जाहिर होता है कि इसने अपनी विस्तारवादी नीति का परित्याग नहीं किया है। चीन की यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा के करीब एक पखवाड़े बाद आई है। हालांकि प्रधानमंत्री की इस यात्रा के समय ही चीन ने अपना राजनयिक विरोध दर्ज कराया था। मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। इस सुरंग से क्षेत्र में भारतीय सैनिकों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की प्रतिक्रिया को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। राजनयिक स्थिति यह है कि भारत तिब्बत को चीन का हिस्सा मानता है, लेकिन चीन अरुणाचल प्रदेश को विवादास्पद करार देता है। इसी आधार पर पिछले अनेक वर्षो से चीन की ओर से स्टेपल वीजा जारी किए जाते हैं। वस्तुत: चीन यह अपेक्षा रखता है कि समूची दुनिया उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे, लेकिन विडंबना देखिए कि वह स्वयं दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान नहीं करता। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षो के घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि चीन ने दुनिया विशेषकर एशियाई देशों का सहयोग गंवाया है। जापान, दक्षिण कोरिया, वियेतनाम और कई आसियान देश दक्षिण चीन सागर और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में चीन की दादागीरी को लेकर आशंकित हैं। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना के दु:स्साहस से उसने भारत का भी विश्वास खोया है। वस्तुत: अरुणाचल में चीन के अनधिकृत दावे से स्पष्ट होता है कि वह भारत को ऐसा देश समझता है, जिसे कभी भी नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद भारतीय खेमे में भी दृढ़ता आई है। चीन तिब्बत को अपना स्वायत्तशासी प्रदेश कहता है तथा भारत भी 'एक चीन नीति' के तहत ताइवान के साथ तिब्बत को चीन का हिस्सा स्वीकार करता है। आने वाले दिनों में यह स्थिति बदल सकती है।

# देश के युवाओं की नसों में घुल रहा नशा...

**प्रो. मनोज डोगरा**

नशे की लत को पूरी करने के लिए बच्चे अपराध करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन हो रही चोरी, छिनैती में मुख्य रूप से युवा ही शामिल हो रहे हैं। यही नहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास घूमने वाले बच्चे चलती ट्रेन में भी वारदात करने से नहीं चूकते भारत को युवा देश माना जाता है। जिस ओर युवा चलता है उसी ओर देश की दिशा प्रशस्त होती है, लेकिन दिशा ही गलत हो तो स्थिति को समझा जा सकता है। ऐसे ही हाल हमारे देश-प्रदेश के हैं। आज का युवा वर्ग नशे की लत में ग्रसित होता जा रहा है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। आंकड़ों से पता चलता है कि देश में दस करोड़ लोग नशे की गिरफ्त में हैं, जिनमें अधिकतर युवा हैं। यह बहुत ही चिंतनीय है। नशा खरीदने के लिए मां के गहने बेचने ले गया युवकज्यह पंक्तियां किसी फिल्मी सीन की कहानी की भांति प्रतीत होती हैं, लेकिन यह वास्तविकता है हमारे हिमाचल की, ऐसा एक वाकया पिछले दिनों पेश आया था जहां नशे की लत में आदी युवक मां की सोने की चेन चुराकर बेचने बाजार पहुंच गया। देश में प्रतिदिन बढ़ते नशे के कारण बहुत ही इस प्रकार के मार्मिक हादसे होते जा रहे हैं जिसके कारण इन हादसों में सैकड़ों युवा नशे की लत से मर रहे हैं और मां-बहनों का सिंदूर मिट जा रहा है और बहुत सी बहनों के इकलौते भाई इस दुनिया को आए दिन अलविदा कह रहे हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को नशा बेचने वालों पर सख्ती से नकेल कसनी होगी, नहीं तो युवा वर्ग नशे की चपेट में आकर अपनी सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट कर देगा। भारतीय समाज अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं संस्कारों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है और ऐसा माना जाता है कि जितने संस्कार भारत में हैं, शायद ही दुनिया के किसी कोने में होंगे। जैसा कि हम सभी को पता है कि मानव एक सामाजिक प्राणी है जो समय के अनुसार परिवर्तन



अवश्य चाहता है। इन परिवर्तनों में बुरे एवं अच्छे दोनों परिवर्तन सम्मिलित होते हैं। अच्छे परिवर्तन समाज को विकास की ओर ले जाते हैं और बुरे परिवर्तन समाज के विनाश का कारण बनते हैं। इन बुरे परिवर्तनों में नशा समाज का बहुत बड़ा विनाशकारी कारण है। नशाखोरी की चपेट में आने वाला युवा वर्ग इस तरह जाल में फंसता है कि उसकी सोचने-समझने की क्षमता भी नष्ट हो जाती है, जिससे वह अपने जीवन के लिए कोई भी निर्णय नहीं ले पाता है। नशा करने के लिए वे अनेक मादक पदार्थों का, जैसे शराब, गांजा, चिट्टा, चरस, स्मैक, मोर्फिन, कोको पत्ती, ताड़ी, अफीम, बीड़ी, सिगरेट आदि का सेवन करने लगता है। नशाखोरी से व्यक्ति अनेक ऐसे गलत कार्यों को करने लगता है जो समाज के खिलाफ होते हैं। नशे के कारण आर्थिक हानि, सडक़ दुर्घटना, हत्या, बलात्कार, घरेलु व सामाजिक झगड़े, स्वास्थ्य की हानि, व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा, बच्चों की शिक्षा एवं संस्कार आदि में नशे का कुप्रभाव पड़ता है। वर्तमान में देश में लगभग सभी वर्गों के छोटे-छोटे बच्चे, यहां तक कि महिलाएं भी नशे की बुरी स्थिति में पाई जाती हैं। नशे ने लोगों का सुख-चैन तो छीन ही लिया है, अब लोगों के वंश और नस्लों पर भी बन आई है। शराब के बाद सूखा नशा युवाओं की नसों में इस कदर दौडऩे लगा है कि परिवार के परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं। चिट्टा, गांजा, चरस, हेरोइन और स्मैक को हाई सोसाइटी प्रोफाइल का हिस्सा मानने वाले परिवारों के बच्चे जवानी में ही अपना सब कुछ गंवा रहे हैं। आंकड़ों के माध्यम से स्थिति को समझें तो हिमाचल पुलिस ने वर्ष 2024 के शुरुआत के दो महीनों में ही एनडीपीएस के 431 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस के इन 431 मामलों में दो विदेशी तस्करों सहित 620 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस के केसों में आठ महिलाओं को भी नशे की खेप के साथ पकड़ा है। पुलिस ने प्रदेश में नशा माफिया पर पूरी तरह से शिकंजा कस दिया है। इनमें शिमला पुलिस ने प्रदेशभर में सबसे अधिक नशा तस्कर पकड़े हैं। शिमला पुलिस ने जनवरी माह में एनडीपीएस के 29 और फरवरी माह में 54 मामले दर्ज किए हैं। प्रदेशभर में एनडीपीएस के 431 मामलों में बीबीएन में 14, बिलासपुर में 45, चंबा में 20, हमीरपुर में 12, कांगड़ा में 40, किन्नौर में एक, कुल्लू में 58, लाहुल-स्पीति में दो, मंडी में 44, नूरपुर में 26, शिमला में 83, सिरमौर में 26, सोलन में 19 और ऊना में 40 मामले दर्ज किए हैं। एनडीपीएस के केसों में पुलिस ने 57 किलो चरस, छह किलो अफीम, दो किलो 885 ग्राम चिट्टा की खेप आरोपियों से पकड़ी है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों से 8090 नशीली गोलियां और 3850 नशीले कैप्सूल, 300 प्रतिबंधित सिरप दवाइयां पकड़ी हैं। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों से 17 किलो से अधिक गांजा और 102 किलो 508 ग्राम भुक्की की खेप पकड़ी है। एनडीपीएस के इन 431 मामलों में पुलिस ने जनवरी में प्रदेशभर में एनडीपीएस के 141 मामले और फरवरी में 290 मामले दर्ज किए हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल जैसे शांतिमय प्रदेश में भी युवाओं के दिलो-दिमाग में अब नशा घुल चुका है देश में प्रतिदिन बढ़ते नशे के कारण बहुत ही इस प्रकार के मार्मिक हादसे होते जा रहे हैं जिसके कारण इन हादसों में सैकड़ों युवा नशे की लत से मर रहे हैं और मां-बहनों का सिंदूर मिट जा रहा है और बहुत सी बहनों के इकलौते भाई इस दुनिया को आए दिन अलविदा कह रहे हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को नशा बेचने वालों पर सख्ती से नकेल कसनी होगी, नहीं तो युवा वर्ग नशे की चपेट में आकर अपनी सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट कर देगा। भारतीय समाज अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं संस्कारों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है और ऐसा माना जाता है कि जितने संस्कार भारत में हैं, शायद ही दुनिया के किसी कोने में होंगे। नशे के कारण सबसे अधिक प्रभावित युवा वर्ग है। इससे उनका मानसिक संतुलन खराब हो रहा है। एक बार नशे की लत में पडऩे के बाद इससे निकलना मुश्किल हो रहा है। युवा वर्ग दवाइयों की लत में इस कदर डूबा रहता है कि इसके दुष्परिणाम के बारे में नहीं सोचता। इसमें छोटे-छोटे बच्चे शामिल हैं। नशे की लत में सबसे अधिक कचरा बीनने वाले लडक़े शामिल हैं। सिर्फ लडक़े ही नहीं बल्कि इनकी जमात में लड़कियां भी शामिल हो रही हैं। इसकी शुरुआत पान, गुटखा, तंबाकू आदि से होती है। इसके अलावा नशे के लिए सस्ते प्रोडक्ट व्हाइटनर, बोनफिक्स को भी झिल्ली में भरकर इसे नाक-मुंह से खींचकर नशापूर्ति का खूब इस्तेमाल हो रहा है।

## विशेष लेख

# कट्टर ईमानदार होगा अगला पीएम

**विभांशु दिव्याल**

ईमानी नेता की आम पार्टी बयान दे-देकर हल्ला मचाये जा रही थी, बार-बार वही रट लगाए जा रही थी कि ईमानी नेता ने सत्ता के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है और देश के सबसे बड़े देशभक्त रामभक्त के मन में डर की धुकधुकी पैदा कर दी है, इसलिए चुनावों में हार के डर से उनके ईमानी नेता के विरुद्ध षड़यंत्र रचाया गया है, शराब घोटाले के झूठे आरोप में फंसाया गया है। लेकिन हम हार नहीं मानेंगे, न डरेंगे, न झुकेंगे, लड़ते रहे हैं लड़ते रहेंगे और सरकार तब तक जेल से चलेगी जब तक हमारे बड़े सरकार जेल में रहेंगे। आम पार्टी का शराब घोटाले में ही एक तिहाड़ बंद राज्य सभा सांसद अदालत से जमानत की कृपा पाकर बाहर आ गया था और आते ही उसने खुलासे का अपनी समझ से बहुत बड़ा धमाका कर दिया था जिसे हमारे देश के निष्पक्ष, लोकतांत्रिक और निष्कपट मीडिया ने एक फुसफुसे पटाखे के तौर पर लिया था। इस नेता ने बड़े खुलासे के नाम पर पहले से खुले हुए खुलासे को फिर से खोला और बोला कि कैसे एक आरोपी को जेल में डालकर अंतत: उसे वादामाफ गवाह बनवाया गया, उससे चंदा वसूला गया, उससे कट्टर ईमानी नेता के खिलाफ बयान दिलवाया गया और इसी बयान के षड़यंत्र के तहत कट्टर ईमानदारों को जेल भिजवाया गया। उसने खुलकर खुलासा किया है कि शराब घोटाला देश की आम पार्टी ने नहीं बल्कि भारत की जनता पार्टी ने किया है। इस घोटाले में राष्ट्रभक्त पार्टी के बड़े-बड़े नेता शामिल हैं मगर इनके विरुद्ध कुछ नहीं किया जा रहा है, घोटाला सत्ताधारी पार्टी का है मगर ईमानदार नेताओं को आरोपित बनाकर गिरफ्तार किया जा रहा है।जैसी कि राजनीति की मौजूदा ढलन है और जैसा कि आम चलन है, किसी भी पार्टी के विचारवान, भक्त कार्यकर्ता दिमाग के ढक्कन बंद करके, अपनी समूची प्रखरता को मंद करके, अपने कुंद से कुंद नेता के सुर में सुर मिलाते हैं, उसके हर हुंकारे पर जोर-शोर से चिल्लाते हैं, उसके इशारों पर अपने हाथों को दुम की तरह घूम-घूमकर हिलाते हैं, साथ जीने-मरने की पचनीय-अपचनीय कसमें खाते हैं और उसे ही भूमंडल का सर्वश्रेष्ठ नेता बताते हैं वैसे ही आम पार्टी के कार्यकर्ता भी कर रहे थे और जनता की दुहाई दे-देकर अपनी जीत के कुलांचे भर रहे थे कि जनता जग गयी है सो उनके साथ आएगी और चुनाव में शराब के असली घोटालेबाजों को हराएगी और जिन कट्टर ईमानदार लोगों को शराब घोटाले में फंसाया गया है उनके हाथ में जीत का परचम थमाएगी। उधर देशभक्त रामभक्त सत्ताधारी हर मंच से दहाड़ लगा रहे थे कि जिन लोगों ने शराब घोटाला किया है, भ्रष्टाचार करके घोटाले का घूंट पिया है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, वे चाहे जितना चीख लें, चिल्ला लें, खुद को कितना भी पाक-साफ बता लें, अपनी नजर में अपने आपको कितना भी ईमानदार ठहरा लें, उनके हर भ्रष्टाचार का हिसाब किया जाएगा और हर शराबकांडी को एक-एक कर अंदर किया जाएगा। जनता इनकी असलियत पहचान गयी है, इनकी एक-एक करतूत को जान गयी है इसलिए चुनाव में इनको बुरी तरह हराएगी और इन्हें दिल्ली से बाहर का रास्ता दिखाएगी।चुनाव सर पर आ गये थे और हर मतदाता के दिल-दिमाग पर छा गये थे। अंधभक्त चाहे इधर के हों या उधर के सबने मन बना लिया था और कैसे अपने-अपने नेताओं के हर अपराध अवगुण को परे खिसकाकर उन्हें वोट करना है यह पहले से ही तय कर लिया था। इस बेला में अगर कोई मुसीबत में था तो वह था झल्लन और झल्लन बिरादरी के वे लोग जो तय नहीं कर पा रहे थे कि आखिर किसकी बात पर भरोसा करें, किसे सही ठहराएं, कैसे अपना निश्चित मन बनाएं और अपना कीमती मत लेकर अंतत: किसके पक्ष में जायें। सो झल्लन एक बार फिर अपनी शंका के समाधान के लिए कट्टर ईमानी नेता की सलाखबंद छवि के निकट आया, आधी श्रद्धा और आधी अश्रद्धा से अपना शीश झुकाया और बोला, 'हे प्रभु, अब वे सारे लोग जिनके खिलाफ आपने भ्रष्टाचार विरोधी जंग चलायी थी यानी जिन्हें गालियां दे-देकर आपने दिल्ली की सत्ता हथियायी थी, आपकी सारी गाली-गरियाहट भुलाकर आपके पक्ष में गोलबंद हो गये हैं, पहले कड़वे नीम थे अब गुलकंद हो गये हैं, कह रहे हैं कि मोदी मंडली चार सौ पार नहीं जा रही चार सौ हार रही है यानी देश में अगली सरकार आप की आ रही है। अब आप बताइए, हम कहीं और जायें या सीधे आपके पास चले आयें?' कट्टर ईमानी नेता बोला, 'वे बिल्कुल सही कह कह रहे हैं, हमीं जीतकर आयेंगे, हमीं अगली सरकार बनाएंगे। सो सब पुराने नियम-सिद्धांत भूलकर हमारे पास आ जाओ हमारी सरकार में शामिल हो जाओ।

# राम सिंह पठानिया-इतिहास के गुमनाम नायक

11 नवंबर 1849 ईस्वी को वजीर राम सिंह पठानिया सिर्फ24 साल के थे, जब वह अपनी मातृभूमि की आजादी के लिए लड़ते हुए बलिदान हो गए। उनकी जयंती पर देश उन्हें नमन करता है वजीर राजपूत राम सिंह पठानिया के साहस की प्रशंसा का गीत है : 'किला पठानिया खूब लधाय्या, बल्ली पठानिया खूब लधाय्या, डाली दिया धारा दफ्ली जो बजड़ी, कुमनी बज्जय तामूरज।' भारत के स्वतंत्रता संग्राम के भूले हुए नायकों को याद करते हुए देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हमें मुख्यधारा के हिस्से के रूप में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी के भूले हुए नायकों के आख्यानों को गले लगाने की आवश्यकता है। चाहे जितनी तरह से कही जाए और जितनी बार, आजादी की कहानी से कुछ छूट ही जाता है, चाहे कितने भी तरीके और कितनी बार कहा जाए, जब स्वतंत्रता संग्राम की कहानियों की बात आती है तो कुछ बातें हमेशा अनकही रह जाती हैं। यह सच है कि इतिहास 'जो हुआ उसका आख्यान' है, लेकिन यह तय नहीं है, यह लगातार विकसित होता है। जब समुदाय जागरूक और मुखर हो जाते हैं, तो वे अपने अनसुने इतिहास का पता लगाते हैं और मुख्यधारा के आख्यानों पर दावा करते हैं। इस प्रकार, जागरूक समुदायों का इतिहास दो तरह से उभरता है : अकादमिक इतिहास के रूप में और सार्वजनिक इतिहास के रूप में। स्वतंत्रता सेनानी वजीर राजपूत राम सिंह पठानिया (1824-1849) का नाम महान सपूतों में गिना जाता है। उन्होंने मुट्ठी भर साथियों के साथ अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी। उस वक्त वजीर राजपूत राम सिंह पठानिया की उम्र महज 24 साल थी। इस वीर सपूत का जन्म नूरपुर रियासत के वजीर श्याम सिंह के घर 10 अप्रैल 1824 को हुआ था। उनके पिता नूरपुर रियासत में राजा वीर सिंह के वजीर थे। अंग्रेजों को भी पता था कि वो वजीर राजपूत राम सिंह पठानिया को आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। ऐसे में उन्होंने प्लान बनाया और जब वजीर राजपूत राम सिंह पठानिया पूजा-पाठ कर रहे थे, तब उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, आजीवन कारावास की सजा सुनाकर कालापानी भेज दिया और बाद में उन्हें रंगून भेजा गया। 11 नवंबर 1849 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए मात्र 24 साल की उम्र में वीरगति को प्राप्त हो गए। राजपूत राम सिंह पठानिया एक किशोर राजपूत अंग्रेजों के खिलाफ उत्प्रेरक बन गया। बहादुरी के कुछ कृत्यों को पदक या प्रशंसा से सम्मानित किया जाता है, और लोग कुछ को सदियों तक याद करते हैं, लेकिन शायद ही कभी बहादुरी के कार्य की पूजा की जाती है। वजीर राम सिंह पठानिया ने इतना त्रुटिहीन काम किया कि लोगों ने उनके लिए एक मंदिर समर्पित किया। उनकी बहादुरी ने उन्हें भगवान की स्थिति तक पहुंचा दिया। राजपूत राम सिंह पठानिया भारतीयों के लिए तत्काल स्वतंत्रता नहीं लाए, लेकिन यह भारतीय लोगों में एकता लाए और ब्रिटिश सरकार के कब्जे के प्रतिरोध के लिए उत्प्रेरक बन गए। राजनीति, वैचारिक और व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों के चलते इतिहासकारों ने कई महानायक बना दिए, यहां तक कि कई ऐसे भी जो इस लायक नहीं थे। इसका खामियाजा भुगतना पड़ा, उन लोगों को जिन्होंने देश पर अपनी जान बलिदान कर दी, लेकिन लोग उन्हें जानते तक नहीं। यह लेख उन गुमनाम नायकों में से एक राजपूत राम सिंह पठानिया के बारे में है जिनको भारतीय इतिहास की किताबों में वो जगह नहीं मिली जिसके कि वो हकदार थे। यहां तक कि उनका योगदान आप जिनको महानायक कहते हैं, उनसे भी ज्यादा था। हर एक व्यक्ति देश पर अपनी जान बलिदान कर फांसी चढऩे वाले भगत सिंह को तो जानता है, लेकिन क्या किसी को पता है एक भारतीय युवा राजपूत राम सिंह पठानिया ने पूर्व तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर रॉबर्ट पील के भतीजे ब्रिटिश अधिकारी जॉन पील को तलवार से मौत के घाट उतारा था? 1857 का विद्रोह, जिसने ब्रिटिश सरकार को मूल रूप से हिला दिया था, को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ भारतीयों के नेतृत्व में पहले सशस्त्र विद्रोह के रूप में याद किया जाता है। लेकिन यह केवल अर्ध-सत्य है क्योंकि 1857 का महान विद्रोह न तो पहला विद्रोह था और न ही अंतिम। भारतीय चाहे उत्तर, दक्षिण, पूर्व या पश्चिम में हों, ईस्ट इंडिया कंपनी के आगमन के बाद से हमेशा अपनी स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे थे। 1857 के विद्रोह या स्वतंत्रता के पहले युद्ध से पहले, भारतीयों ने अपने क्षेत्रों को मुक्त करने के लिए कई बड़े और छोटे पैमाने पर लड़ाई लड़ी। राजपूत राम सिंह पठानिया ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर राज के खिलाफ एक सशस्त्र विद्रोह शुरू किया और उन्हें अंदर तक हिला दिया। बहादुर राजपूत राम सिंह पठानिया का वास्तविक इतिहास पहले एंग्लो-सिख युद्ध (1845-1846) के अंत के साथ शुरू होता है। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध के बाद अंग्रेजों और सिखों के बीच एक संधि हुई थी, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों को ब्रिटिश राज ने अपने कब्जे में ले लिया था। माना जाता है कि 9 मार्च 1846 को लाहौर में संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस संधि के द्वारा, ब्यास और सतलुज के बीच का क्षेत्र ब्रिटिश प्रभुत्व में गिर गया। इस समय नूरपुर के राजा वीर सिंह की मृत्यु हो गई और चालाक अंग्रेजों ने अपनी धोखेबाज नीतियों के माध्यम से नूरपुर रियासत पर कब्जा कर अपना क्षेत्र घोषित कर दिया। लेकिन बहादुर राजपूत राम सिंह पठानिया ने साथी राजपूत भाइयों के साथ गठबंधन किया, जो कटोच शाखा के थे। हालांकि, राजपूतों की यह मुट्ठी भर सेना पूरे भारत पर विजय प्राप्त करने वाले शत्रुओं के खिलाफ युद्ध घोषित कर दिया, लेकिन क्षत्रिय के कभी न हारने के रवैये ने अपनी भूमि की रक्षा के लिए जो कुछ भी कर सकते थे, किया। अंग्रेजों ने भी कुछ जागीर और बड़ी रकम देने का वादा किया, लेकिन गर्वित राजपूत राम सिंह पठानिया ने इस पर सहमत होने से इनकार कर दिया। साथ ही अंग्रेजों ने अपनी 'फूट डालो और राज करो' की राजनीति खेली। वे सिखों और हिमाचल के पहाड़ी लोगों के संबंधों के बीच कड़वाहट को चिंगारी देना चाहते थे।

# क्या केजरीवाल नैतिक आधार खो चुके हैं

**डा. अश्विनी महाजन**

अन्य राज्यों में भी शराब पर उच्च उत्पाद शुल्क लगाया जाता है और इसका उद्देश्य कभी भी बड़ा राजस्व कमाना नहीं होता। बहरहाल यह ठीक नहीं कि केजरीवाल राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार हैं 21 मार्च, 2024 को दिल्ली के मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आर्थिक अपराधों के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके बाद केजरीवाल को उच्च न्यायालय सहित किसी भी न्यायिक कार्यालय से राहत नहीं मिली, और केजरीवाल ने सर्वोच्च न्यायालय से अपना आवेदन वापस लेने का फैसला किया, जिसके कारण वे ही जानते हैं। हालांकि, कांग्रेस पहले से केजरीवाल के कथित भ्रष्टाचार की आलोचना करती रही है, लेकिन अब उसने केजरीवाल का समर्थन करते हुए केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर हमला बताया है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं और केजरीवाल एक महत्वपूर्ण नेता हैं, और उनकी पार्टी दो महत्वपूर्ण राज्यों में सत्ता में है, इसलिए उनकी गिरफ्तारी का राजनीतिक महत्व बहुत बढ़ गया है। कुछ लोग उनकी गिरफ्तारी को अनुचित मान सकते हैं और कुछ लोग यह भी कह सकते हैं कि इसका उल्टा असर मौजूदा केंद्र सरकार पर पड़ सकता है, क्योंकि केजरीवाल लोगों की सहानुभूति भी बटोर सकते हैं। लेकिन पहला सवाल यह है कि क्या केजरीवाल की गिरफ्तारी सही है? दूसरा सवाल यह है कि आखिर यह शराब नीति क्या है? क्यों इसके कारण पहले केजरीवाल के सिपहसालार मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल पहुंचे और अब खुद केजरीवाल। तीसरा सवाल यह है कि शराब नीति और इसके संचालन में भ्रष्टाचार के आरोप क्या सही हैं? चौथा सवाल यह है कि केजरीवाल अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के भारी प्रयास के बावजूद आम जनता से सहानुभूति क्यों नहीं




पा रहे हैं। इस लेख में केजरीवाल शराब नीति और इसके प्रभाव को समझने की कोशिश की जा रही है। सबसे पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि उक्त शराब नीति को उसके अस्तित्व में आने के एक साल के भीतर ही न्यायपालिका या किसी केंद्रीय एजेंसी ने नहीं, बल्कि खुद केजरीवाल सरकार ने वापस ले लिया। तब से ही उक्त नीति की ईमानदारी पर संदेह हैं। यह शराब नीति क्या है : केजरीवाल शराब नीति लागू होने से पहले, सरकारी और निजी दुकानों पर खुदरा शराब बेची जाती थी। बेची जाने वाली शराब पर उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूला जाता था। उल्लेखनीय है कि चूंकि राज्य सरकारों के आग्रह पर पेट्रोलियम उत्पादों, शराब और प्रसाधन सामग्री को जीएसटी से बाहर रखा गया था, इसलिए शराब पर उत्पाद शुल्क राज्य सरकार, इस मामले में केजरीवाल सरकार का विषय है। केजरीवाल शराब नीति में, दिल्ली के क्षेत्रों को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया था, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 दुकानों का प्रावधान रखा गया। इसका मतलब यह था कि प्रत्येक वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता होंगे। नई आबकारी व्यवस्था में शहर के 32 क्षेत्रों में समान रूप से वितरित 849 विशाल और वातानुकूलित शराब की दुकानों की परिकल्पना की गई थी। केजरीवाल की शराब नीति को लाने के पीछे एक महत्वपूर्ण तर्क यह था कि इससे उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़े होने के संघर्ष के बिना, वातानुकूलित दुकानों में आसानी से 'शराब खरीदने का सुखद अनुभव' मिलेगा। शराब नीति को 32 जोनों के लाइसेंस की नीलामी से लगभग 10000 करोड़ रुपए की कुल आय की उम्मीद थी। यह पिछले 3 वर्षों के औसत राजस्व 5500 करोड़ रुपए से लगभग दोगुना माना जा रहा था। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल शराब नीति से पहले दिल्ली में 12 से 13 लाख बोतल शराब बिकती थी, जिस पर आबकारी शुल्क और वैट लगाया जाता था। जब केजरीवाल सरकार की शराब नीति पेश की गई तो आबकारी शुल्क और वैट घटाकर एक-एक प्रतिशत कर दिया गया और इसकी जगह लाइसेंस की नीलामी की गई और जिन विक्रेताओं को लाइसेंस दिए गए थे, वे शराब की कितनी भी बोतलें बेचने के लिए स्वतंत्र थे। इससे शराब की बिक्री में तेजी आने लगी और उपभोक्ताओं को सुखद अनुभव देने के लिए मॉल्स में अधिक दुकानें भी खोली जाने लगीं। थोक विक्रेताओं का विवादास्पद लाइसेंस और कमीशन : केजरीवाल शराब नीति के साथ-साथ एक और नीति भी शुरू की गई, जो स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण और भ्रष्टाचार से ग्रस्त थी, जिसमें पूर्व में सिर्फ5 प्रतिशत की तुलना में थोक विक्रेताओं को 12 प्रतिशत कमीशन की अनुमति दी गई। इससे खुदरा विक्रेताओं का मुनाफा कम हो गया, उन्हें अपने लाइसेंस सरेंडर करने और व्यवसाय से बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा, और सरकार के खिलाफ कानूनी मामले भी शुरू हो गए। शायद, थोक विक्रेताओं की इस कमीशन नीति के कारण ही नए केजरीवाल शराब नीति विफल हुई और अंतत: मनीष सिसोदिया और केजरीवाल को जेल जाना पड़ा। आलोचकों का आरोप है कि नीति का मसौदा शराब बाजार में एकाधिकार बनाने की सुविधा के एकमात्र इरादे से तैयार किया गया था। यह केवल कुछ चुनिंदा थोक विक्रेताओं के लिए तैयार किया गया था, क्योंकि थोक विक्रेता के लाइसेंस के लिए बोली लगाने की पात्रता शर्तों में से एक, पिछले 3 वर्षों के दौरान 150 करोड़ रुपए की न्यूनतम वार्षिक बिक्री थी। छोटे खिलाडिय़ों को, जिनके पास पहले लाइसेंस था, को बोली प्रक्रिया से बाहर कर दिया। नई नीति ने 'पेरनोड रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' और 'डियाजियो इंडिया' के ब्रांडों की पेशकश करने वाले मुट्ठी भर थोक विक्रेताओं को खुदरा विक्रेताओं को आपूर्ति और छूट की मात्रा पर महत्वपूर्ण नियंत्रण दिया था। उच्च निश्चित लाभ ने थोक विक्रेताओं के हितों की रक्षा की, लेकिन खुदरा विक्रेताओं को निचोड़ा। थोक विक्रेताओं का यह अतार्किक और आश्चर्यजनक मार्जिन केजरीवाल शराब नीति का प्रमुख बिंदु बन गया और इसने खुदरा विक्रेताओं को भारी नुकसान पहुंचाया, जिससे उन्हें अपने लाइसेंस भी सरेंडर करने पड़े। इससे केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को भी बड़ा राजनीतिक झटका लगा। चूंकि थोक विक्रेताओं को 12 प्रतिशत कमीशन मिल रहा था, जो सामान्य 3 से 5 प्रतिशत से बहुत अधिक था, इससे खुदरा विक्रेताओं के मार्जिन काफी कम हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बुन्देली के पहले जिला सम्मेलन का शुभारम्भ करेंगे पद्मश्री कैलाश मड़बैया

**प्रथम जिला बुन्देली सम्मेलन छतरपुर में 14 अप्रेल को होगा**

**छतरपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद, पंजीकृत लोक साहित्य की राष्ट्रीय संस्थाद्ध के जिला बुंदेली सम्मेलन/ पूर्णतया अराजनैतिक आयोजित किये जाने के क्रम में, प्रथम जिला बुन्देली साहित्य सम्मेलन छतरपुर जिला मुख्यालय में 14 अप्रेल रविवार को संयोजित किया जा रहा है। संयोजक मनोज मनसिज ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि 14 अप्रेल को गायत्री मंदिर छतरपुर के सभा भवन में 12 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश मड़बैया जिला सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। जिला महिला सम्मेलन की संयोजिका/प्रभारी श्रीमती शोभा शर्मा ने बताया कि उक्त जिला सम्म्लेन में छतरपुर के जिले के कवियों के काव्य संकलन का लोकार्पण मुख्य अतिथि 'पद्म श्री कैलाश मड़बैया' जी करेंगे। समस्त साहित्यकारों को सहभागिता के लिये सादर अमंत्रित किया गया है। समारोह में 'बुन्देलखण्ड शिरोमणि-2024' का अलंकरण भी प्रदान किया जायेगा। गीतकार सत्यनारायण शर्मा अध्यक्ष टीकमगढ़ 'हमारी माटी बुन्देली' गायन से बुंदेली सम्मेलन का शुभारम्भ करेगे। -**मनोज तिवारी**

### चैत्र नवरात्रि पर्व में वाहनों के पार्किंग व्यवस्था कराने वालों की ली गई थाना परिसर में बैठक

**बैठक में पार्किंग व्यस्था को लेकर पार्किंग संचालकों को दी गई आवश्यक दिशा-निर्देश**

**डोंगरगढ़ ( आरएनएस )।** चैत्र नवरात्रि पर्व में माँ बम्लेश्वरी देवी जी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये आज दिनांक- 11.04.2024 को थाना परिसर डोंगरगढ़ में, एसडीओपी आशिष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नगर पालिका सीएमओ चन्द्रकान्त शर्मा, नायब तहसीलदार विजय साहू, एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सीआर चन्द्रा द्वारा मेला में पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करानें वाले संचालकों का मीटिंग लिया गया मीटिंग में नगर पालिक परिषद अध्यक्ष डोंगरगढ़ श्री सुदेश मेश्राम भी शामिल हुये। मीटिंग में पार्किंग व्यवस्था को लेकर विभिन्न प्रकार के आवश्यक चर्चा कर पार्किंग संचालको से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पार्किंग व्यवस्था हेतु राशि दोपहिया वाहन- 10/-रू0, चारपहिया वाहन- 100/-रू0 एवं बस एवं अन्य वाहन के लिये 150/-रू0 का पार्किंग शुल्क राशि तय कर पार्किग स्थल में रेट लिस्ट बोर्ड लगाने, रसीद देने, पार्किंग स्थल में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, पार्किंग स्थल पर संचालक का नाम नंबर लेख करने, किसी भी दर्शनार्थी से पार्किंग के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा अवैध वसुली नहीं करने संबंधी समझाईस दिया गया है।

### जमा मस्जिद में पढ़ी गई ईद की नमाज

**भिलाई ( आरएनएस )।** देशभर में गुरुवार को ईद की नमाज अता की गई। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। भिलाई के सेक्टर-6 स्थित जमा मस्जिद में गुरुवार को ईद मनाई जा रही है। मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में नमाज के लिए जमा हुए। एक माह तक चले पवित्र रमजान के बाद बुधवार शाम आखिर ईद के चांद का दीदार हो गया। इसलिए देश के अधिकांश हिस्सों में गुरुवार को ईद मनाई जा रही है।

### अघरिया महिला समाज सेवा समिति ने किया योग, जुम्बा और मेडिटेशन सत्र का आयोजन

**रायपुर ( आरएनएस )।** रायपुर के अघरिया महिला समाज सेवा समिति ने डंगनिया स्थित एक हॉस्टल में प्रात: 8 से 9 बजे तक योग, जुम्बा और मेडिटेशन का सत्र का आयोजित किया। जिसमें हॉस्टल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र में उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग, मेडिटेशन से होने वाले फायदों के बारे में भी बताया गया। समिति द्वारा समय समय पर वृक्षारोपण, योग तथा अन्य हितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। कार्यक्रम का संपादन अघरिया समाज सेवा समिति के अध्यक्ष श्री देव चरण पटेल, महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू पटेल, सचिव श्रीमती कल्पना पटेल, लंबोदर पटेल, रेणुका पटेल के सहयोग से हुआ।

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर ( आरएनएस )।** मोवा पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 नग शीशी व बिक्री रकम 2100 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुरानी बस्ती तालाब के पास दबिश देकर आरोपी मोहम्मद जुनेद खान 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ट्रीप्लोडीन हाईड्रो क्लोरीड एण्ड कोडिन के 22 नग सिरप और बिक्री रकम 2100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## जेष्ठ निर्यापक श्रमण श्री समयसागर जी महाराज ने कहा- 'आप सिन्धु को भूल जाएं लेकिन बिन्दू को मत भूलना'

**16 अप्रैल का दिन सभी भक्तों के लिए होंगे ऐतिहासिक पल**

**महोत्सव की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर सहित समूचा प्रशासन पहुंचा कुंडलपुर**

**कुंडलपुर ( विश्व परिवार )।** आप सिन्धु को भूल जाएं लेकिन विन्दू को मत भूलना एक एक बूंद भी पी जाएं तो भी शीतलता मिल सकती है सिन्धु की विशालता से सभी अवगत हैं सिन्धु हजारों मील का सफर शान्ति के साथ तय करती चली जाती है और वहती रहती है लेकिन विन्दू को आप आसानी से पी सकते हैं इसी प्रकार आचार्य भगवंत ने तो सिन्धु की तरह वर्षो तक इस धरा को अभिसिंचित किया वह आपको याद ना हो लेकिन जो सूत्र रुप में विन्दू दिये है उन्हें शान्ति के साथ पीते कुछ खा पी लो तो कुछ देर के लिए शारीरिक शान्ति आप महसूस करेंगे लेकिन आत्मिक शांति के लिए जो विन्दू दिये है उन्हें पीते चले जाना जीवन में शांति जरूर आयेगी शारीरिक शान्ति अलग है आत्मिक शांति अलग है उक्त आश्य केउद्गार जेष्ठ निर्यापकश्रमण समयसागर जी महाराज ने आज धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।



**महा महोत्सव की व्यवस्था तैयारियों को प्रशासन के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया जा रहा है :** मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आने वाली सोलह अप्रैल का दिन हम सभी भक्तों को ऐतिहासिक दिन होगा जव विशाल श्री संघ के दर्शन हजारों त्यागी ब्रतियो के साथ परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज की महान परंपरा को जो आचार्य देव श्री कुन्द कुन्द स्वामी के मूल सिद्धांत को लेकर आगे बढ़ रही है उस बंट व्रक्ष को आगे बढ़ाता हम सब देखेंगे इसी दिन मुख्य समारोह में जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागरजी महाराज आचार्य पद को ग्रहण करने जा रहे हैं हम सब भी प्रत्यक्षदर्शी वनकर अपने सौभाग्य को जगायेंगे।


**प्रशासन की मैराथन मीटिंग हुई कुंडलपुर तीर्थ भूमि पर :** आने वाली 16अप्रैल को हो रहे महा महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के प्रति सम्पूर्ण प्रशासन की मैराथन मीटिंग महोत्सव पदाधिकारी के साथ श्री मान कलेक्टर महोदय पुलिस अधीक्षक महोदय अतिरिक्त कलेक्टर एडिशनल कलेक्टर एडिशनल एसपी एस डी एम महोदय एस डी ओ पी तहसीलदार दर सम्पूर्ण अमलें के साथ कलेक्टर श्री जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागरजी महाराज के चरणों में पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया और आने वाले महा महोत्सव के संदर्भ में चर्चा की इस दौरान क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चन्द्र कुमार सर्राफ महामंत्री आर के जैन महोत्सव संयोजक दादा वीरेश सेठ सहित कमेटी के सभी प्रमुख जन विशेष रूप से उपस्थित थे। कमेटी द्वारा आचार्य पदारोहण महा महोत्सव की सभी तैयारियो को बहुत ही व्यापक रूप दिया जा रहा है जिससे आने वाले लाखों भक्तो अच्छी से अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो।

**कुंडलपुर का वर्षो पुराना संस्मरण सुनाए सभी को किसी भाव विभोर :** इसके पहले जेष्ठ निर्यापक श्रमणश्री समयसागर जी महाराज ने कहा कि बहुत पुराना प्रसंग है कुंडलपुर में चारों ओर लो लपट बहुत तेज चल रही थी शाम का समय था आचार्य महाराज बड़े बाबा के दरवार में चलें गये गर्मी में हम लोग भी बड़े बाबा के पास पहुंच जाते हैं एक परिवार गुजरात से बडे बाबा के चरणों में पहुंचा और कहने लगा कि हमारी बहुत दिनों से भावना है कि मैंरी आपके चरणों की सेवा वइया वृत्ति करने की भावना है गुरु देव ने इसारे से मना कर दिया बहुत आग्रह करते पर सेवा प्रारंभ कर देता है फिर उस व्यक्ति ने अपनी जेब से तेल की एक छोटी सी शीशी निकाली और बहुत मना करने पर यह कहते हुए कि तेल से हमारे हाथ ठंडे हो जायेंगे तेल लगाना प्रारंभ कर दिया उस समय आचार्य महाराज ने ये पंक्तिलिखी जो मैं सामने रख रहा हूं। मति मति मम नासिका,ना दुर्गंध से ना सुगंध से प्रभावित है ये आत्मा इस प्रकार बैढे बैढे उनका रत्नात्रय की आराधना करने का क्रम चलता रहता था ऐसे महान आचार्य के चरणों में बैठकर साधना करने का स्वर्णिम आपको हम सब को अवसर मिला। -**विजय धुर्रा**

## धर्म जागृति संस्थान का सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा में 15 अप्रैल को

**आचार्य श्री वसुनंदी जी महराज ससंघ सानिध्य में होगा भव्य आयोजन**

**देहरा तिजारा ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन श्री चंद्र प्रभु अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा के प्रांगण में स्थित चन्द्रगिरि वाटिका में परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी महामुनिराज ससंघ के सानिध्य में सोमवार 15 अप्रैल को आयोजित होगा।



धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन दिल्ली ने बताया कि धर्म सिखाओ धर्म बचाओ नारे को आगे लेकर चल रही धर्म जागृति संस्थान की सभी राष्ट्रीय शाखाओं का सामूहिक राष्ट्रीय अधिवेशन अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा में आयोजित होने जा रहा है।जिसमें वर्ष पर्यंत किए गए सामाजिक सेवा कार्य के लिए उत्कृष्ट शाखाओं के साथ-साथ कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीओं का सम्मान भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा किया जाएगा। अधिवेशन प्रात: 9 बजे से दो सत्रों में आयोजित होगा तो वही प्रथम सत्र में आचार्य श्री के उद्धबोधन के साथ साथ खुला सत्र भी आयोजित किया जाएगा जिसमे धर्म जागृति संस्थान की प्रगति हेतु अपने विचार रखने की स्वतंत्रता होगी।

अधिवेशन संयोजक सुरेश जैन गौतमनगर के अनुसार द्वितीय सत्र में सम्मान समारोह के साथ समापन होगा जिसमें कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में अधिवेशन में भाग लेने की अपील करते हुए कहा है कि जयपुर, बोलखेड़ा, ग्रीन पार्क दिल्ली, नोएडा, अजमेर, मुंबई के बाद सप्तम अधिवेशन का आयोजन देहरा तिजारा में हो रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तो वही आचार्य वसुनंदी महाराज ससंघ का 13 अप्रैल को तिजारा में मंगल प्रवेश होगा।

## पं. विजय शंकर मेहता को मंडल आने का निमंत्रण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मध्य भारत के सुप्रसिद्ध जीवन प्रबंधन के गुरु और कथावाचक पंडित विजय शंकर मेहता से महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मुलाकात की। काले ने पं. मेहता को चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित भवन व प्रकल्पों को देखने के लिए आमंत्रित भी किया।

जनप्रतिनिधि मनोज प्रजापति के निवास पर प्रवचन देने के लिए पहुंचे पं. मेहता से काले ने महाराष्ट्र मंडल के 89 साल के इतिहास और सेवाभावी कार्यों पर चर्चा की। पं. विजय शंकर मेहता ने मंडल के गौरवशाली इतिहास व विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहे सेवाभावी कार्यों को ध्यान से सुना और महाराष्ट्र मंडल की प्रशंसा की। सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी के साथ मंडल अध्यक्ष अजय काले ने पं. मेहता का सूत माला, शाल- श्रीफल और कैलेंडर देकर सम्मानित किया। पं. मेहता ने काले के निमंत्रण पर कहा कि वह जल्दी ही महाराष्ट्र मंडल आएंगे। इस अवसर पर शिक्षाविद व समाजसेवी मुकेश शाह और शिव नारायण मुंदड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



मध्य भारत के सुप्रसिद्ध कथाकार व जीवन प्रबंधन के गुरु पंडित विजय शंकर मेहता का सम्मान करते हुए महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी और शिव नारायण मुंदड़ा।

## कांग्रेस का न्याय पत्र ऊपर से झूठों को पुलिंदा : भाजपा



**रायपुर ( विसं )।** कांग्रेस के जनघोषणा के न्याय पत्र की तथ्यात्मक और गूढ़ रहस्यों को खोलते हुए बीजेपी के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने हमला बोला। साथ ही श्री केदार ने छत्तीसढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भाजपा के नेताओं की टारगेट किलिंग के लिए एक राजनीतिक पार्टी और नक्सलिसयों के घालमेल को जिम्मेदार ठहराते हुए तार्किक ढ़ग से भाजपा कार्यालय एकात्मक परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में रखा पक्ष रखते कहा- कांग्रेस का न्याय पत्र ऊपर से झूठ का पुलिंदा है और अंदर से राष्ट्र विरोधी चीजें समाहित है। कहा-कांग्रेस के न्याय पत्र को पढ़ने और समझने की जरूरत है कि जो राष्ट्रवादी मतदाता होंगे, वे उसे नाकार देंगे। श्रीकेदार ने कहा-कांग्रेस के गारंटी पत्र को पढ़ने पर लगता है कि कांग्रेस फिर से देशद्रोह का मामला लेकर आएगी। क्योंकि कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट लिखा है कि अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आएगी तो 370 धारा फिर से लगाई जाएगी। श्रीकेदार ने कांग्रेस के न्याय पत्र की गूढ़ रहस्यों को उजागर करते हुए कहा, कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में सैनिकों का अपमान करने वाली बड़ी बात लिखी है कि अगर अग्निवीर का सैनिक चीनी सेना के सामने आएगा तो अग्निवीर सैनिक धाराशाई हो जाएगा।

## राजस्थान जैन युवा महासभा ने किया नि:शुल्क परिंडा वितरण, पार्क में पंछियों के लिए लगाये परिण्डा, निर्धनों को कराया गया नि:शुल्क भोजन

**शुक्रवार को होगी आदिनाथ से महावीर धार्मिक नृत्य नाटिका**

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक बुधवार 3 अप्रैल से जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस रविवार 21 अप्रैल तक चल रहे धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरूवार को जैन युवा महासभा के प्रतापनगर जोन ने केशव पार्क (बड़ा पार्क) में जीव दया कार्यक्रम के तहत पंछियों के लिए परिण्डे लगाये एवं परिण्डो का आमजन को नि-शुल्क वितरण किया। इस मौके पर परिण्डो में पानी भरा गया तथा उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा पूरे गर्मी के मौसम में परिण्डो में पानी भरने का संकल्प लिया गया।



इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, संभाग महामंत्री महावीर सुरेन्द्र जैन, प्रतापनगर जोन अध्यक्ष पारस जैन, महामंत्री त्रिलोक चंद जैन, कोषाध्यक्ष अनमोल सेठी, सांगानेर जोन अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, महामंत्री आशीष पाटनी, संयुक्त मंत्री मनीष पाटनी, ग्रामीण जोन महामंत्री अमन जैन कोटखावदा, राजेन्द्र सौगाणी, अरविंद जैन, शुभम गंगवाल, रोनक सेठी सहित कई महानुभाव उपस्थित थे।

इसी कड़ी में सायंकाल टोंक रोड-मानसरोवर संभाग के अधीनस्थ दुर्गापुरा जोन द्वारा त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे ( बजरी मंडी) पर जरूरतमंद व निर्धन लोगों को नि-शुल्क भोजन कराया गया।

युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक शुक्रवार 12 अप्रैल को झोटवाडा सम्भाग के अधीनस्थ विद्याधर नगर जोन द्वारा मुरलीपुरा स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर मुरलीपुरा में सायंकाल 7 बजे से आदिनाथ से महावीर धार्मिक नृत्य नाटिका की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी।

श्री जैन के मुताबिक शनिवार, 13 अप्रैल को झोटवाडा सम्भाग के अधीनस्थ विद्याधर नगर जोन द्वारा वी के आई इंडस्ट्रीयल भवन रोड नम्बर 1 पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर में 2 बजे से सिटी सम्भाग के अधीनस्थ चांदपोल जोन द्वारा गणगौरी बाजार स्थित नेत्रहीन विद्यालय में नेत्रहीन बालक कल्याण कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताऐ तथा आवश्यक सामग्री वितरण किया जाएगा।

धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़ा का समापन रविवार 21 अप्रैल को होगा।

-**विनोद जैन कोटखावदा**

## आचार्या जिनशासनोन्नतिकरा : निर्यापक श्रमण मुनिश्री समयसागर जी महाराज होंगे 'आचार्य श्री'

**जैनधर्म** में पांच परमेष्ठियों का विशेष महत्त्व है। पांचों परमेष्ठियों में आचार्य तीसरे नंबर के परमेष्ठी हैं। जो पंचाचार का स्वयं पालन करते हैं और शिष्यों से करवाते हैं, संघ के नायक होते हैं और शिष्यों को दीक्षा एवं प्रायश्चित देते हैं वे आचार्य परमेष्ठी कहलाते हैं। आचार्य परमेष्ठी के 36 मूलगुण होते हैं। 12 तप, 10 धर्म, 5 आचार, 6 आवश्यक एवं 3 गुप्ति। साधुओं को दीक्षा -शिक्षा दायक, उनके दोष निवारक तथा अन्य अनेक गुण विशिष्ट, संघ नायक साधु को आचार्य कहते हैं। वीतराग होने के कारण पंचपरमेष्ठी में उनका स्थान है।

आयारं पंचविहं चरदि चरावेदि जो णिरदिचारं। उवदिसदि य आयारं एसो आयारवं णाम।

जो मुनि पाँच प्रकार के आचार निरतिचार स्वयं पालता है और इन पाँच आचारों में दूसरों को भी प्रवृत्त करता है तथा आचार का शिष्यों को भी उपदेश देता है उसे आचार्य कहते हैं।

जैन परंपरा में आचार्य और पट्टाचार्य का विशेष महत्व है ऐसे ही महत्वपूर्ण पद पर 18 फरवरी को डोंगरगढ़ में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का समाधिमरण होने के बाद उनका आचार्य पद उनके प्रथम शिष्य परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि समयसागर जी महाराज को 16 अप्रैल 2024 को सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में विधि विधान के साथ सौंपा जा रहा है। यह भी संयोग है कि मुनि समयसागर महाराज आचार्यश्री के गृहस्थ जीवन के छोटे भाई हैं। मुनि श्री समयसागर जी महाराज छह भाई-बहनों में छठे नंबर पर के हैं। वर्तमान में वे 65 साल के हैं। आचार्यश्री का भी जन्म स्थल कर्नाटक का सदलगा है। मुनिश्री का जन्म 27 अक्टूबर 1958 को हुआ था। मुनिश्री ने ब्रह्मचर्य व्रत 2 मई 1975 को लिया था। 18 दिसंबर 1975 को उनकी छुल्लक दीक्षा हुई थी। 31 अक्टूबर 1978 को एलक दीक्षा नैनागिरी छतरपुर और मुनि दीक्षा 8 मार्च 1980 को जैन सिद्ध क्षेत्र द्रोणगिरी छतरपुर में हुई थी।




आचार्यश्री जैसी छवि और ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण व प्रथम शिष्य का गौरव प्राप्त करने वाले निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज में झलकती है। उनकी आचार्य पद प्रतिष्ठा का समाचार सुनकर उनकी आगवानी करने पहुँचे सभी हजारों श्रद्धालुओं ने इतिहास बना दिया , यह आगवानी अब तक के सबसे पड़े और लंबे जलूस के इतिहास को लिखने में कायम हुई है। मुनि दीक्षा के 44 वर्ष बाद मुनि समयसागर जी महाराज आचार्य पद संभालने जा रहे हैं। कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आचार्य पद महोत्सव होगा। इसके लिए समय सागर जी महाराज मंगलवार को दमोह के कुंडलपुर पहुंचे। दमोह के कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आयोजित होने जा रहे आचार्य पद महोत्सव में शामिल होने के लिए मुनि संघ कुंडलपुर पहुंच गए हैं। 480 किमी का विहार करते हुए आचार्य पद संभालने मुनि श्री समयसागर जी महाराज भी मंगलवार 9 अप्रैल को दोपहर कुंडलपुर पहुंच गए। सैकड़ों बसें, हजारों चार पहिया वाहन इस अगुवानी में हिस्सा लेने पहुंचे हुए थे। मुनि संघ का जगह-जगह रंगोली सजाकर भक्तों द्वारा एवं कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी, कुंडलपुर महोत्सव समिति द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया। कुंडलपुर की पावन धरा पर पहुंचते ही कुंडलपुर में पूर्व से विराजमान निर्यापक संघ, मुनि संघों एवं आर्यिका संघों ने निर्यापक मुनि समयसागर जी महाराज की भव्य अगवानी की भव्य मंगल मिलन हुआ। सभी निर्यापक मुनि श्री योगसागर जी, मुनि श्री नियमसागर जी ,मुनि सुधासागर जी,मुनि समतासागर जी,मुनि श्री प्रसादसागर जी, मुनि श्री अभयसागर जी, मुनि श्री संभवसागर जी, मुनि श्री वीरसागर जी ,मुनि श्री प्रमाणसागर जी, मुनि श्री प्रणम्यसागर जी सहित सभी पूज्य मुनिराज, आर्यिका माता सहित सभी शिष्यों का भव्य मंगल मिलन का दृश्य अद्वितीय था। बड़ी संख्या में ब्रह्मचारी भैया एवं दीदी भी अगवानी में शामिल थीं।

जानकारी के मुताबिक इस महोत्सव के लिए कुंडलपुर में 40000 वर्ग फीट का त्रिस्तरीय मंच होगा 12 फीट ऊंचा होगा, आचार्य श्री का आसन। कुंडलपुर परिसर में 2,50,000 वर्ग फीट में लगभग 70,000 लोगों को बैठने का इंतजाम किया गया है और यहां पर 7 एकड़ जगह में पंडाल लगाया गया है।



निश्चित ही कुण्डलपुर में 16 अप्रैल को आचार्य पदारोहण का यह महोत्सव अपने आपमें एक ऐतिहासिक क्षण होंगे। पूज्य मुनि श्री समयसागर जी में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिकृति नजर आती है। अब आचार्या जिनशासनोन्नतिकरा: को वे गौरवान्वित करने जा रहे हैं। उनके पावन चरणों में कोटिश: नमोस्तु।

-**डॉ. सुनील जैन संचय**
**ललितपुर**

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईद-उल-फितर पर एक सभा को किया संबोधित

**कहा- देश के लिए खून बहाने को तैयार हूं, सीएए, एनआरसी, यूसीसी को स्वीकार नहीं करूंगी**



**कोलकाता ( एएनआई )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और वर्दी को लागू नहीं होने देंगी। राज्य में नागरिक संहिता (यूसीसी)। पश्चिम बंगाल ने कहा कि हम देश के लिए खून बहाने को तैयार हैं लेकिन देश के लिए अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। समान नागरिक संहिता स्वीकार्य नहीं है। मैं सभी धर्मों के बीच सद्भाव चाहता हूं। आपकी सुरक्षा। आपकी जिंदगी। कोई एनआरसी नहीं, कोई सीएए नहीं। सीएम ने ईद-उल-फितर के मौके पर कोलकाता में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा।

केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर बीजेपी सरकार पर तीखा हमला करते हुए टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि अगर कोई विस्फोट होता है, तो वे (बीजेपी) सभी को गिरफ्तार करने के लिए एनआईए भेजते हैं। सभी को गिरफ्तार करने से आपका देश उजाड़ हो जाएगा। हम चाहते हैं। सुंदर आकाश जिसके लिए सभी को एक साथ रहना होगा यदि कोई दंगा करने आता है, तो आपको चुप रहना चाहिए, अपना दिमाग ठंडा रखना चाहिए। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कोलकाता में अपने संबोधन के दौरान ईद की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि ईद मुबारक। यह खुशियों की ईद है। यह ताकत देने की ईद है। एक महीने तक बिना पानी पिए रोजा रखकर इस ईद को मनाना बहुत बड़ी बात है। सीएम ममता बनर्जी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, ईद-उल-फितर के इस खुशी के मौके पर सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह ईद सभी के लिए खुशी, शांति और समृद्धि लाए। इस बीच, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ सहित कई शीर्ष नेताओं ने भी ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दीं। रमज़ान के पवित्र महीने को समाप्त करना और एक नई आध्यात्मिक यात्रा शुरू करना एक नए इस्लामी वर्ष की शुरुआत का भी प्रतीक है। ईद-उल-फितर महीने भर चलने वाले रमज़ान के उपवास और शव्वाल की शुरुआत का प्रतीक है, जो इस्लामी कैलेंडर के अनुसार दसवां महीना है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार 35 बाईक बरामद

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस ने मोटरसायकल चोरी करने वाले तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 35 नग चोरी की मोटरसायकल बरामद किया है। तीनो आरोपी उडिसा के है जो उडिसा से लगे छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में आकर सूने मकान व साप्ताहिक बाजार से बाईक चोरी करते थे तथा उडिसा ले जाकर बेच देते थे। बता दें कि जिला कोण्डागांव अन्तर्गत होने वाले चोरी को रोकने एवं पूर्व में हुए चोरी के आरोपियों को पकड़ने के लिए कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं थाना विश्रामपुरी की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जिला कोण्डागांव में हुए चोरी के आरोपियों को पकड़ने हेतु लगातार कोण्डागांव पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक चोर गिरोह के सदस्य छत्तीसगढ़ से बाईक चोरी करके ओडिसा में बेच रहे है। सूचना के आधार पर तुलसी राम साहू पिता लक्ष्मीनाथ साहू उम्र 55 वर्ष निवासी कुंदई नवापारा जिला नवरंगपुर उड़ीसा एवं सुखनाथ मरकाम पिता जयराम मरकाम उम्र 32 वर्ष कुंदई नवापारा थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा एवं एक अन्य आरोपी को थाना विश्रामपुरी एवं सायबर सेल कोण्डागांव की टीम द्वारा उड़ीसा के कुदंई में 3 दिनों तक कैम्प कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा सीमा से लगे क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजार एवं सुने मकानों से डूप्लीकेट चाबी के माध्यम से मोटरसायकल को चालू कर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की बाइक को उड़ीसा में बेचना बताया।

### खुद के बंदुक से चली गोली से जवान गंभीर रूप से घायल

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** दंतेवाड़ा के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र अरनपुर में एक जवान के सीने में गोली लगी है। हालांकि ये गोली कैसे और किस परिस्थिति में लगी है, इसकी जानकारी नहीं मिली है। किंतु जवान को अपने ही एके 47 से गोली लगी है। मिली जानकारी के अनुसार जवान का नाम विजय नाग है, जो अरनपुर थाने में पदस्थ था। बुधवार को जवान विजय नाग अरनपुर जगरगुंडा सड़क में हुए ब्लास्ट के बाद टुकड़ी के साथ पहुंचा था। मौके से लौटने के दौरान विजय नाग के एके 47 से गोली चली, जो उसके सीने में जा धंसी। हालांकि गोली गलती से चली या जवान ने खुद चलाई इस बात का पता नही चल पाया है। घटन के बाद घायल जवान विजय नाग को उपचार के लिए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा लाया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है किंतु उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्यास बुझाने खुल रहे अस्थायी प्याऊ

**कोरबा(विश्व परिवार)।** गर्मी के मौसम में तापमान की बढ़ोतरी हो रही है। इस दौर में लोगों को मुश्किलें होना स्वाभाविक है। आम लोगों को राहत देने के लिए कोरबा में सामाजिक संस्थाओं ने अपने सरोकार दिखाते हुए प्याऊ घर खोले है। स्काउट गाइड के कार्यकर्ता इसका संचालन कर रहे हैं। गर्मी में पानी के लिए लोगों को यहां वहां भटकना न पड़े, इसके लिए अलग-अलग स्तर पर पानी की व्यवस्था की जा रही है। नगर में कुछ स्थानों पर स्थाई प्याऊ घर बने हुए हैं लेकिन दूसरे इलाके में समस्याएं मौजूद हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए सामाजिक संस्थाओं के द्वारा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। शुरुआती दौर में इनकी संख्या सीमित है। इस स्काउट गाइड को इस सेवा को संचालन करने की जिम्मेदारी दी गई है। स्काउट गाइड संगठन के जिला आयुक्त और गाइड ने बताया कि लोगों को सुविधा देना अच्छा काम है। हमें जो दायित्व मिला हुआ है, उसका बेहतर तरीके से निर्वहन किया जाएगा। कोरबा क्षेत्र में नगर निगम की ओर से मारवाड़ी अग्रवाल समाज जैन समाज और कई अन्य सामाजिक संगठन भी गर्मी के सीजन में लोगों को राहत देने के लिए यहां वहां पानी की व्यवस्था करने में जुटे हुए। कुल मिलाकर कोशिश यही है कि गर्मी के मौसम में किसी भी इलाके में लोगों को परेशान न होना पड़े।

### आईईडी की चपेट मे आने से दो जवान घायल

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** माओवादियों के लगाए ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आकर दो जवान हुए जख्मी. एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे जवान. प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एसटीएफ के जवान हुए जख्मी, घायल दोनों जवान खतरे से बाहर। घायलों को लेकर कैंप पहुंचने वाले हैं जवान। गंगालूर थानाक्षेत्र के पीडिया के जंगलों का मामला। एसपी जितेंद्र यादव ने की घटना की पुष्टि।

# मत की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग न हो

## होम वोटिंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

**कांकेर(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत् कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 में आगामी 26 अप्रैल को मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्ध मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से घर जाकर (होम वोटिंग) की सुविधा दी जा रही है, जहां मतदान अधिकारियों के द्वारा बैलट पेपर के जरिए 14 से 16 अप्रैल के बीच वोट कराया जाएगा। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने होम वोटिंग सम्पन्न कराने



वाले मतदान अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन एक अतिमहत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें पूरी सावधानी, सतर्कता और निष्पक्षता के साथ दायित्वों का निर्वहन करना होता है। उन्होंने आगे कहा कि होम वोटिंग के दौरान यह विशेष तौर पर मतदान अधिकारियों को ध्यान रखना होगा कि मत की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग न होने पाए। यदि गलती से भी गोपनीयता भंग होती है तो वह अपराध की श्रेणी में आएगा। किसी तरह की त्रुटि करने से बेहतर है प्रक्रिया की पूरी जानकारी से अवगत हो जाएं अथवा उच्चाधिकारी से सम्पर्क कर उसके प्रत्येक पहलू से रूबरू हो जाएं। कलेक्टर ने आगे कहा कि वोट दर्ज किए गए बैलेट पेपर को प्रतिदिन वहीं जमा कराएं, जहां से लिया गया हो। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि यदि किसी वोटर के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर वह मतदान कर सकेगा। इन 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक शामिल है।

# अस्पताल पुल पुलिया बिजली नहीं तो वोट नहीं 70 गांव के हजारों ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार करने का लिया निर्णय

**शासन प्रशासन से बुनियादी मांग पर अभी तक अमल नहीं इसलिए चुनाव बहिष्कार का लिया गया निर्णय,**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** आजादी के 77वें साल बीत जाने के बाद भी सुदूर वनांचल क्षेत्रो में ग्रामीणों को बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य आवागमन पुल पुलिया के लिए तरसना पड़े इससे बड़ा दुर्भाग्य लोकतांत्रिक देश में क्या हो सकता है। ऐसा भी नहीं है कि क्षेत्र वासियों के द्वारा बुनियादी मांगों को लेकर चुपचाप बैठा हो शासन प्रशासन को कई दफे मूलभूत बुनियादी माँग को लेकर रैली प्रदर्शन धरना जनसुनवाई सभा पत्राचार भी किया गया लेकिन इस दिशा में कोई भी सरकार गंभीर होकर वनांचल क्षेत्र के रह वासियों के लिए चिंता नही किया इसलिए आज भी बिना मास्टर के स्कूल बिना डॉक्टर के अस्पताल चलने के लिए पगडंडी रास्ते अंधेरों में जिंदगी पुल पुलिया के अभाव में कैसे कटती होगी ऐसे इलाकों की जिंदगी समझा जा सकता है।अपने प्रमुख मांगों को लेकर एक बार फिर सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुखर होकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। जिला मुख्यालय गरियाबंद के विकासखंड मैनपुर के सुदूर वनांचल राजापड़ाव क्षेत्र एवं साहेबिनकछार इलाके के ग्रामीणों ने आज कोकडी़ मे आयोजित किसान संघर्ष समिति के बैठक मे 70 गांव के लोगों ने अस्पाल पुल पुलिया बिजली नहीं तो वोट नही कहते हुए क्षेत्र मे लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।इस संबंध में किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष दैनिक राम मंडावी ने बताया कि विकास के नाम से क्षेत्र कोसों दूर है।आज भी मूलभूत सुविधाओं से क्षेत्र वासियों को वंचित होना पड़ रहा है शिक्षा स्वास्थ्य आवागमन पुल पुलिया का हमेशा अभाव व अंधेरों में लोगों की जिंदगी कट रही है।सरकार कहती है अंतिम पंक्ति में खड़े हुए लोगों का प्राथमिकता के साथ विकास करेंगे लेकिन ऐसा क्षेत्र में नहीं दिखता इसलिए किसान संघर्ष समिति राजापड़ाव क्षेत्र के द्वारा इस बार चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है जिसका सभी को परिपालन किया जाना है साहबिन कछार ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच रूप सिंह मरकाम ने शासन प्रशासन को विकास के नाम से सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया किसान संघर्ष समिति के बैठक को सरपंच कोकड़ी सखाराम मरकाम,सरपंच अडगड़ी कृष्ण कुमार नेताम, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अड़गडी पुनीत राम ध्रुव,पूर्व सरपंच कोचेंगा दिनाचंद मरकाम,सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत गौरगांव चिमन नेताम ने भी संबोधित किया गया।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैंक अधिकारियों की बैठक संपन्न

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिकेत साहू ने जिले के सभी बैंक अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लिया। बैठक में मास्टर ट्रेनर श्री चूड़ामणि गोस्वामी ने बताया कि 12 अप्रैल से लोकसभा चुनाव का नामांकन शुरू किया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थी का चुनाव का व्यय के रिकार्ड के लिए नया खाता खोलना है, जिसमें उसका अकेला व्यक्ति का खाता होना चाहिए। संयुक्त खाता नहीं होना चाहिए। बैंक अधिकारियों को किसी संदिग्ध खाता से किसी व्यक्ति या असंख्य खाता में राशि हस्तांतरण होता है तो संबंधित बैंक अधिकारी इसकी जानकारी व्यय अधिकारी और जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराएंगे। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नकद में नहीं कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफ्टी के माध्यम से ही करना होगा। उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है और न ही किसी से चंदे के रूप में ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक निर्वाचन व्यय के रूप में दस हजार रूपये तक राशि का भुगतान भी उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय के प्रयोजन से पृथक से खोले गये बैंक खाते से आहरित कर ही किया जा सकेगा।

# गुरुजीभाठा में गरजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, बोले कांग्रेस ने पांच साल भ्रष्टाचार किया, लोकसभा में उनका खाता भी नहीं खुलेगा





**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को गरियाबंद जिले के बिंद्रानवागढ़ विधासनभा अंतर्गत ग्राम गुरुजीभाठा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। प्रदेश में सरकार बनने के बाद पहली बार बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भाजपा कार्यकर्ताओ और ग्रामीणों ने गजमाला के साथ जोशीला स्वागत किया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कहा कि मैं आपके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने आशीर्वाद लेने आया हूं। 26 अप्रैल को आप कमल के बटन दबाए और महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को जिताए। आपका समर्थन सीधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिलेगा।

**दो कार्यकाल उपलब्धियों भरा-** इस दौरान मंच से पूर्व सीएम साय ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल का बखान करते हुए कहा कि मोदी सरकार का पहला कार्यकाल गरीबो के लिए समर्पित सरकार रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन खाता, उज्जवला गैस सिलेंडर, सौभाग्य योजना, सहित अनेक प्रकार के जनकल्याणकरी कार्य गरीबों के हित में किए। दूसरे कार्यकाल में धारा 370 हटाने, मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के अभिशाप से मुक्त कराने, देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के साथ ही देश करोड़ों लोगों के आस्था भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का वादा पूरा किया।

**कांग्रेस का खाता नही खुलेगा-** भाजपा के गढ़ बिंद्रानवागगढ़ से कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सीएम साय ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को खाता खोलने नही देना हैं। पांच साल कांग्रेस ने जनता को जम कर ठगा। बड़े बड़े बड़े वादे किए लेकिन एक भी पूरे नहीं किया। प्रदेश को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया। नरवा, धुरवा, बाड़ी, गोबर, खाद सहित हर योजना में भ्रष्टाचार किया। शराब और रेत से कमाई की। आज भ्रष्टाचार में सहयोग देने वाले अनेक अधिकारी जेल में है।

**संभावित हार को देख बौखला कांग्रेसी-** सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस संभावित हार को देखते हुए बौखला गई है। हार के डर से अनाप शनाप बयान दे रही। हार के डर से कांग्रेसी पागल हो गए है। चरणदास महंत मोदी जी के सिर फोड़ने की बात करते है। विश्व के लोकप्रिय नेता मोदी के बारे में ऐसा कहना, कांग्रेस को शर्म करनी चाहिए।

**मोदी की गारंटी पूरी की-** जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने तीन महीने के कार्यकाल की उपलब्धि भी गिनाई। कहा कि हमारी सरकार ने सत्ता में आते ही 18 लाख मकान की स्वीकृति, 12 लाख किसानों को दो साल का बोनस, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की, 3100 रूपए में धान खरीदी, महतारी वंदन योजना सहित मोदी की सभी गारंटी पूरी की है। हर महीने महिलाओं को एक हजार रुपए सीधे खाते में मिल रहे है। तेंदूपता संग्रहको से 5500 रुपए में खरीदी की जा रही है। मंच से उन्होंने भूमिहीन किसानों को सालाना 10 हजार देने, चरण पादुका और छात्रवृत्ति योजना फिर से लागू होने की जानकारी दी।

**कांग्रेस पर जनता को भरोसा नहीं-** सीएम ने मौके पर कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बहकावे में न आवे। एक लाख रुपए देने की बात कर रही लेकिन न राज्य में कांग्रेस की सरकार है न केंद्र में आने की संभावना है। कहा से पैसा देगी। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस आरक्षण के नाम पर भी जनता को गुमराह कर रही है कि आरक्षण खत्म हो जाएगा। मैं विश्वास दिलाता हूं ऐसा कुछ नही होगा। जनता उनके उनके भ्रम में न आवे, कभी आरक्षण खत्म नहीं होगा।

जनसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो मे देश सुरक्षित है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने महासमुंद में कमल खिलाए। लोकसभा प्रभारी मोतीराम साहू ने कहा कि पांच साल कांग्रेस ने राज्य को लूटने का काम किया है। यहां विधासनभा चुनाव में पिछड़ गए लेकिन इसका बदला लोकसभा ने लेना है। यहां से ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है।

प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि मैं आपके बीच आशीर्वाद लेने पहुंची हूं। मैं प्रत्याशी नहीं प्रतीक हूं, महासमुंद लोकसभा से कमल फूल खिलाकर भेजना है। मोदी जी को तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने महासमुंद लोकसभा से भी कमल की जीत होनी चाहिए। धरसीवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि भाजपा में एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन कर देश का मन बढ़ा सकता है लेकिन कांग्रेस परिवारवाद में चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ता का भविष्य नहीं।

सभा को पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझी, डमरूधर पुजारी, जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने भी संबोधित करते हुए राज्य सरकार के तीन महीने के कार्यकाल की उपलब्धि गिनते हुए देश की सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में समर्थन देने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति धनमति यादव, जनपद सभापति एवम ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, जिला महामंत्री जनपद सदस्य कैनी बाई ओटी, जनपद सदस्य लीलाबाई कमलेश व पनकिन बाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुए। सीएम साय ने उन्हें भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

## व्यापार समाचार

## भारतीय एआई स्टार्टअप नेयसा ने जुटाए 20 मिलियन डॉलर

**मुंबई( एजेंसी )।** एआई क्लाउड और प्लेटफॉर्म-ए-ए-सर्विस (पीएएएस) स्टार्टअप नेयसा ने कहा कि उसने मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया, नेक्सस वेंचर पार्टनर्स और एनटीटीवीसी निवेश फर्मों से 20 मिलियन डॉलर (लगभग 166 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। शरद सांघी (सीईओ) और अनिंद्या दास (सीटीओ) द्वारा स्थापित स्टार्टअप ने कहा कि फंडिंग भारत और वैश्विक बाजारों में कंपनियों के लिए जनरेटिव एआई क्लाउड प्लेटफॉर्म को एक सेवा और अवलोकन के रूप में चलाने में मदद करेगी। सांघी ने कहा, हमारा लक्ष्य नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस फंडिंग का लाभ उठाना है, हमारे ग्राहकों को हमारे एंड-टू-एंड जेनरेटिव एआई पास इकोसिस्टम और हमारे एआई-इंजीनियर्ड ऑब्जर्वेबिलिटी प्लेटफॉर्म की शक्ति से सहायता करना है। नेयसा इस साल तीसरी तिमाही में अपनी सेवाएं जारी करने की योजना बना रही है। दास ने कहा, यह फंडिंग एआई को लोकतांत्रिक बनाने, सभी आकार की कंपनियों के नवाचार को बढ़ावा देने के हमारे मिशन को आगे बढ़ाएगी। नेयसा ने कहा कि इससे उद्यमों को अपने डेटा और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। मैट्रिक्स पार्टनर्स के एमडी अवनीश बजाज ने कहा, वैश्विक स्तर पर उद्यम, और यहां तक कि भारत में भी, एआई देशी क्लाउड कंप्यूटिंग में बदलाव में मदद करने के लिए उत्सुक हैं और भारत में उनके साथ साझेदारी करने के लिए हमारी टीम बेहतर और अधिक अनुभवी है।

## ऑटो शेयरों में बढ़त के चलते निफ्टी नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**मुंबई ( एजेंसी )।** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा है कि निफ्टी ने एक नए हफ्ते की शुरुआत नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर चढ़कर की और ऑटोमोबाइल शेयरों में अच्छी बढ़त रही। इसके साथ ही बीएसई पर कंपनियों का मार्केट कैप 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। निफ्टी सोमवार को 0.68 प्रतिशत या 152 अंक ऊपर 22,666 पर बंद हुआ। जसानी ने कहा कि एनएसई पर नकद बाजार की मात्रा मामूली रूप से गिरकर 0.95 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि व्यापक बाजार सूचकांकों ने निफ्टी की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, वैश्विक इक्विटी में मामूली तेजी रही। निवेशक एक व्यस्त सप्ताह के लिए तैयार हैं जिसमें अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े, पहली तिमाही की कमाई के मौसम की शुरुआत और यूरोपीय सेंट्रल बैंक की ब्याज दर का निर्णय शामिल है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी अनुसंधान विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा, शुक्रवार को एक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव दिखाने के बाद, निफ्टी सोमवार को लगातार तेजी की ओर बढ़ा और दिन में 152 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। शेट्टी ने कहा कि निफ्टी की तेजी बरकरार है और आगे 22,800 के आसपास देखने को मिलेगा। बोनान्जा पोर्टफोलियो के शोध विश्लेषक वैभव विदवानी ने कहा कि निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स लाल रंग में था। पीएसयू बैंकों में जमा वृद्धि उम्मीद से थोड़ी कम रही, जिससे निवेशकों में निराशा आई।

## वित्त वर्ष 2023-24 में ईंधनों की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, बिटुमिन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की खपत वित्त वर्ष 2023-24 में पांच प्रतिशत बढ़कर 23 करोड़ 32 लाख 76 हजार टन पर पहुंच गई। आधिकारिक आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है। वित्त वर्ष 2022-23 में देश में पेट्रोलियम पदार्थों की खपत 22 करोड़ 30 लाख 21 हजार टन रही थी। मुख्य रूप से ट्रकों, बसों और कृषि क्षेत्र द्वारा उपयोग किए जाने वाले डीजल की बिक्री में एक साल पहले की तुलना में 2023-24 में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो देश में आर्थिक गतिविधि के उच्च स्तर को दर्शाता है। वर्ष के दौरान कारों और दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ने से पेट्रोल की मांग 6.4 प्रतिशत बढ़ी। सड़क बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले कोलतार की बिक्री 9.9 प्रतिशत बढ़ी। सरकार ने अर्थव्यवस्था में विकास को बढ़ावा देने के लिए बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू कीं। उर्वरक बनाने में इस्तेमाल होने वाले नेफ्था की बिक्री में भी वर्ष के दौरान ऊंची वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, मार्च के महीने के लिए पेट्रोलियम उत्पादों की कुल खपत दो करोड़ 10 लाख 91 हजार टन रही जो पिछले पिछले साल मार्च के दो करोड़ 12 लाख 20 हजार टन से कम है।

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का लक्ष्य घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रियल एस्टेट बाजारों में विकास करना है

**नासिक :** केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), निर्माण और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी, ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए अपनी रणनीतिक योजनाओं की घोषणा की है। 2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों में, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का निर्माण और विकास और संविदात्मक परियोजनाएं काम करती है। कंपनी की उल्लेखनीय परियोजनाओं में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-द्वितीय ईस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति द्वितीय, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। कंपनी के विकास पथ पर टिप्पणी करते हुए, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री नरेश कार्डा ने कहा, फ्रहम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित हैं। हमारी रणनीतिक पहल, परियोजनाओं का मजबूत पोर्टफोलियो और एक स्पष्ट विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड वैश्विक रियल एस्टेट परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है।


# हैदराबाद ने पंजाब को 2 रन से हराया

### शशांक, आशुतोष की कोशिशें बेकार गईं,



**मुल्लांपुर( एजेंसी )।** यहां के पीसीए स्टेडियम में मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 -24 के 23वें मैच में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की कोशिशें बेकार गईं, सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 2 रन से हरा दिया। अंतिम ओवर में 26 रन बनाने के बावजूद पीबीकेएस दो रन से बुरी तरह पिछड़ गया। शशांक सिंह 25 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि आशुतोष शर्मा 15 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 33 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब किंग्स ने अर्शदीप सिंह के 4-29 के बाद 20 ओवरों में 180/6 रन बनाए। एक मैच में नीतीश कुमार रेड्डी की 37 गेंदों में 64 रन की पारी शीर्ष पर रही, जिसमें दोनों टीमों ने कई गलतियां कीं। हालांकि, रेड्डी, अर्शदीप सिंह, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने शानदार पावर-हिटिंग दिखाई और हालात का शानदार ढंग से उपयोग किया। जीत के लिए 183 रनों का पीछा करते समय शशांक 14 गेंदों पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे और आशुतोष 1 रन पर थे। दोनों ने 17वें ओवर में 17 रन बनाए, जिसमें शशांक ने लगातार गेंदों पर भुवनेश ?वर को चौका लगाया और इसके बाद अनुभवी तेज गेंदबाज ने एक और चौका लगाया। पंजाब किंग्स को अंतिम ओवर में जब 29 रनों की जरूरत थी, आशुतोष ने पैट कमिंस की लगातार गेंदों पर चौके लगाकर 11 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने टी. नटराजन की गेंद पर एक-एक चौके के साथ 10 रन बनाए। एक नाटकीय ओवर में जयदेव उनादकट की गेंद पर आशुतोष का शॉट रस्सी के पार चला गया और दो वाइड गेंदों के बाद आशुतोष का शॉट फिर से छक्के के लिए चला गया। उनादकट ने एक और वाइड गेंद फेंकी और राहुल त्रिपाठी ने आशुतोष को आउट कर दिया, जब वह केवल एक रन ही बना सके थे। इस तरह पीबीकेएस को आखिरी ओवर में नौ रन चाहिए थे। शशांक ने छक्का लगाया, लेकिन अंत में उनका शानदार संघर्ष व्यर्थ चला गया, क्योंकि पीबीकेएस दो रन से चूक गया। 16वें ओवर में जब जितेश शर्मा आउट हुए तो पंजाब का स्कोर 114/6 पर खराब लग रहा था।

## नीतीश के हरफ़नमौला प्रदर्शन के कायल हुए पैट कमिंस



**मुल्लांपुर( एजेंसी )।** मंगलवार शाम पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ आईपीएल मैच में सनराइज़र्स हैदराबाद के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने 37 गेंदों में 64 रन की पारी खेली और अपनी टीम को 64/4 के स्कोर से 182/9 के स्कोर तक पहुंचाया। बाद में उन्होंने जितेश शर्मा का महत्वपूर्ण विकेट भी प्राप्त किया। नीतीश का यह ऑलराउंड प्रदर्शन ही मैच का मुख्य अंतर साबित हुआ। मैच के बाद नीतीश के कप्तान पैट कमिंस ने नीतीश के प्रदर्शन की खूब सराहना की। कमिंस ने मैच के बाद कहा, उन्होंने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया। शीर्ष क्रम में बल्लेबाज़ी, अच्छी फ़ील्डिंग और तीन ओवर गेंदबाज़ी, उनके कारण ही हम 180 के स्कोर के ऊपर पहुंचने में सफल रहें। नीतीश की इस पारी में चार चौके और पांच छक्के आए। मैच के बाद उन्होंने कहा, मेरा प्रदर्शन टीम में योगदान के लिए था। मैं लगातार खुद से बात किए जा रहा था कि मुझे खुद पर भरोसा रखना है और टीम के लिए वहां खड़ा रहना है। उनके तेज़ गेंदबाज़ अच्छी गेंदबाज़ी कर रहे थे, तो मैं उन पर कोई मौक़ा नहीं लेना चाह रहा था। लेकिन जब उनके स्पिनर्स आएं तो मैंने उन पर आक्रमण किया। पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने इस हार का ठीकरा शीर्षक्रम की बल्लेबाज़ी पर फोड़ा। एक समय पंजाब का स्कोर पांच ओवर में 20 रन पर तीन विकेट था और जॉनी बेयरस्टो, धवन और प्रभसिमरन सिंह जैसे बल्लेबाज़ पवेलियन थे।

## पहले छह ओवर में फायदा नहीं उठाना हार का कारण बना: शिखर धवन




**मुल्लांपुर( एजेंसी )।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से दो रनों से हारने के बाद, पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कप्तान शिखर धवन ने शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की लगातार दूसरी बार तूफानी पारी खेलने की सराहना की, लेकिन पहले छह ओवरों में रन न बनाने के लिए अपने बल्लेबाजों पर अफसोस जताया। 183 रनों का पीछा करते हुए, भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस ने नई गेंद लेकर पीबीकेएस को 4.4 ओवर में 20/3 पर रोक दिया, धवन, जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह ने आपस में केवल 18 रन बनाए। इसके बाद हैदराबाद ने पंजाब को 114/6 पर ला दिया और अंतिम चार ओवरों में 67 रनों की जरूरत थी, आशुतोष (15 गेंदों पर नाबाद 33) और शशांक (25 गेंदों पर नाबाद 46) ने उन्हें अपने लक्ष्य का पीछा करने के बहुत करीब ले गए। उन्होंने सिर्फ 27 गेंदों पर 66 रनों की पार्टनरशिप की। अंतिम ओवर में 29 रन की जरूरत थी, लेकिन दोनों 26 रन बना सके, क्योंकि पीबीकेएस सिर्फ दो रन से चूक गया। शशांक और आशुतोष ने शानदार पारियां खेलीं। मुझे लगता है कि हमने उन्हें अच्छे स्कोर तक बनाए रखा। दुर्भाग्य से, हम पहले छह ओवरों का फायदा नहीं उठा सके और यहीं से हम मैच हार गए। इससे हमें बहुत तकलीफ हुई। विकेट अच्छा नहीं था। मैच के बाद धवन ने कहा, इतना उछाल है कि हर व्यक्ति को बेहतर योजनाएं बनानी होंगी। पीबीकेएस उस छक्के पर भी गौर कर सकता है जो उन्होंने हैदराबाद की पारी की आखिरी गेंद पर जयदेव उनादकट को दिया था जब हर्षल पटेल ने लॉन्ग-ऑन पर मौका गंवा दिया था।

## ओला इंटरनेशनल मार्केट को कहेगी अलविदा भारतीय बाजार पर ध्यान केंद्रित करेगी




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** राइड-हेलिंग कंपनी ओला ने बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच यूके, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में ओला कैब्स राइड बंद करने का फैसला लिया है। कंपनी ने बताया कि वह भारतीय बाजार पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी को देश में 'विस्तार का अपार अवसर' दिख रहा है। ओला के प्रवक्ता ने कहा, मोबिलिटी का भविष्य न केवल व्यक्तिगत गतिशीलता (पर्सनल मोबिलिटी) में, बल्कि राइड-हेलिंग बिजनेस के लिए भी इलेक्ट्रिक है और भारत में विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा, इस स्पष्ट फोकस के साथ हमने अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन किया है। हमने यूके, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में मौजूदा अपने विदेशी राइड-हेलिंग बिजनेस को बंद करने का फैसला लिया है। कंपनी सैकड़ों स्थानों पर काम करती है और दोपहिया वाहनों समेत परिवहन के कई साधन प्रदान करती है। इस बीच, देश में ओला के मोबिलिटी कारोबार ने वित्तवर्ष 2021-22 में 66 करोड़ रुपये के घाटे के मुकाबले वित्तवर्ष 2022-23 में 250 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। वित्तवर्ष 2022-23 में इसका राजस्व 58 प्रतिशत बढ़कर 2,135 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 1,350 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा, वित्तवर्ष 2022-23 में हमने खुद को न केवल बढ़ने और बड़े पैमाने पर काम करने की चुनौती दी, बल्कि इसे लाभप्रद तरीके से करने की भी चुनौती दी।

## जोकोविच 14वीं बार मोंटे कार्लो के तीसरे दौर में




**मोंटे कार्लो( एजेंसी )।** वर्ल्ड नं. 1 नोवाक जोकोविच ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स में रोमन सफीउलिन को 6-1, 6-2 से हराकर 14वीं बार मोंटे-कार्लो के तीसरे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी इस सीज़न में एक भी ख़िताब नहीं जीतने के बाद मोंटे-कार्लो पहुंचे, उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम ऑस्ट्रेलियन ओपन का सेमीफ़ाइनल था। अपने पिछले सात मुकाबलों में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में असफल रहने के बाद, जोकोविच को उम्मीद होगी कि यही वह सप्ताह है जब वह शीर्ष फॉर्म में लौट सकते हैं और उस रिकॉर्ड को बदल सकते हैं। एटीपी रैंकिंग के इतिहास में सबसे उम्रदराज विश्व नंबर 1 के रूप में अपने पहले मैच में प्रतिस्पर्धा करते हुए, 36 वर्षीय सर्ब ने सफीउलिन के खिलाफ निर्मम प्रदर्शन किया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने शॉट्स की गहराई से सफीउलिन को गलतियों के लिए मजबूर किया और एक घंटे 10 मिनट में मुकाबला जीत लिया। सुबह की बारिश के बाद की भारी परिस्थितियों में, जोकोविच ने जल्दी ही सामंजस्य बिठा लिया। उन्होंने पहले चार गेम में 4-0 की बढ़त बना ली और पहला सेट 33 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में उनका नियंत्रण जारी रहा और मैच 16-9 विनर्स के साथ समाप्त हुआ। 98 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट दो बार के मोंटे-कार्लो चैंपियन हैं, जिन्होंने 2013 और 2015 में जीत हासिल की थी।

## शब्द सामर्थ्य -245

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा जोखा, गणित, [illegible] 3. बिजली, [illegible] 6. दुर्गति, [illegible] 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग से गाना [illegible] गाने वाला सुंदर गीत 10. [illegible] 12. [illegible] 14. अनुकृति, अनुकरण, [illegible] 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, [illegible] प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. स्वाद, सार 24. [illegible] 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. [illegible] प्रवाहित होना 3. प्रणय [illegible] 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्र इच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. [illegible] 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 244 का हल



## सू- दोकू क्र.245

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग हैं, जिनमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**सू-दोकू क्र.244 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024

## पॉलिथीन रोकथाम के लिए थैला का वितरण

**रायपुर (विसं)।** धरा फाउंडेशन द्वारा रायपुर के डंगनिया सब्जी बाजार में पॉलिथीन की रोकथाम के लिए थैला वितरण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयास के साथ साथ जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें फाउंडेशन के सदस्यों की उपस्थिति के साथ आम जनता की भी भागीदारी सराहनीय रही। कार्यक्रम संस्था के सदस्य श्री क्षीर सिंधु पटेल, मंजू पटेल, कल्पना पटेल, रजनी पटेल, मीनाक्षी पटेल, मोनू पटेल, अनिल पटेल द्वारा संपादित किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### बालको मेडिकल सेंटर के कैंसर विशेषज्ञ डॉ.अजीत अग्रवाल की ओपीडी 13 को प्रकाश हॉस्पिटल में

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बालको मेडिकल सेंटर ने दूर-दराज से आने वाले कैंसर पीड़ित मरीजों की परेशानियों को देखते हुए अंबिकापुर के कोठी रोड के बाजू, मेडिकल कॉलेज रोड प्रकाश



हॉस्पिटल में अपनी एक दिन की ओपीडी की सुविधा गत वर्ष दिसंबर माह से शुरू की थी। इसी के तहत 13अप्रैल शनिवार को बालको मेडिकल सेंटर के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अजीत अग्रवाल (एमसीएच) मरीजों की जांच तथा परामर्श के लिये सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी में उपलब्ध रहेंगे। डाक्टर से जांच तथा परामर्श के लिये मरीज मोबाइलनं.93019-23453, 97136-67433, 96172-47433, 8282823333 / 4444 पर संपर्क कर अपना पंजीयन कर सकते हैं। जो लोग मुँह या जीभ में घाव या छाले, मल त्यागने या मूत्राशय की आदत में बदलाव या खून आने, बदहजमी कुछ भी निगलने में हो रही समस्या, घाव ना भरने, स्तन या शरीर के किसी हिस्से में गांठ का होना, बच्चेदानी के रास्ते असामान्य रक्तस्राव या सफेद पानी का जाना, लंबे समय से खांसी या गले के बैठ जाने से पीडित हैं ऐसे लोगों को तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच की आवश्यकता होती है। जिससे की पीड़ित व्यक्ति को जल्द सही उपचार मिल सके।

### एसीबी/ईओडब्ल्यू ने छापामार कार्यवाही में 19 लाख रुपए नगद सहित कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने आबकारी मामले में कार्रवाई करते हुए 21 स्थान पर छापा मारा। इस कार्यवाही में नगदी 19 लाख रुपए सहित कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त किए हैं। आबकारी मामले में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने रायपुर में 09, दुर्ग-भिलाई में 07, राजनांदगांव में 01, बिलासपुर में 04 इस प्रकार कुल 21 स्थानों पर छापे की कार्यवाही कर तलाशी ली। तलाशी में लगभग 19 लाख रुपए नगद, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे लैपटॉप, पेन ड्राइव, बैंक स्टेटमेन्ट्स, चल-अचल संपत्ति संबंधी दस्तावेज, करोड़ों के आभूषण, बैंकों में करोड़ों के निवेश के अलावा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं। जिनका परीक्षण किया जा रहा है। बताया जा रहा कि इन दस्तावेजों में आबकारी से अर्जित अवैध संपत्ति के सामान्य निवेश एवं शेल कम्पनियों के माध्यम से लेयरिंग, अनसिक्योर्ड लोन एवं निवेश संबंधी दस्तावेज शामिल हैं। छापेमारी में पूरे प्रदेशभर में 30 से अधिक अधिकारियों की टीम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्ग खुर्सीपार से पप्पू ढिल्लन, विजय भाटिया के अलावा रायपुर में शराब और कोयला कारोबारियों के देवेंद्र नगर, सदर बाज़ार और पंडरी के ठिकानों पर कार्रवाई की गई। छापेमारी में पूरे प्रदेशभर में 30 से अधिक अधिकारी शामिल बताए जा रहे।

## यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण का चुनाव है : बृजमोहन अग्रवाल

### बृजमोहन अग्रवाल ने चम्पारण, नवापारा में रोड शो किया

### छत्तीसगढ़ के डबल विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील

**रायपुर (विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर पड़ी है। रायपुर लोकसभा से पार्टी उम्मीदवार श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपना जनसंपर्क तेज़ कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने गुरुवार को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के चम्पारण और नवापारा मंडल में रोड शो किया और जनसंपर्क अभियान चलाया।

बृजमोहन अग्रवाल के अभियान की शुरुवात चम्पारण मंडल के भिलाई गांव से हुई जिसके बाद तोरला, टीला, चम्पारण, पोंड गांव में जनसंपर्क किया इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल नवापारा मण्डल के मंदलोर, परसदा, छांटा, पारागांव, नवागांव इलाकों में जनता से मुलाकात कर भाजपा के लिए वोट मांगे और मोदी जी को एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। जनता को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि, पिछले 10 सालों में मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास पर काम किया है। मोदी जी की गारंटी आज सबसे बड़ी गारंटी है जिसपर सभी को विश्वास है। मोदी जी ने जो वादे किए वो सभी पूरे किए है। मोदी जी के कारण ही अयोध्या में करीब 500 सालों बाद श्री राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण हो सका। छत्तीसगढ़ में श्री विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद से खुशहाली है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने 5



सालों के वादों को 3 महीनों में ही पूरा कर दिया है। भाजपा राज में गरीब, महिला, युवा और किसान सभी के हितों में काम हो रहा है। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब महिलाओं को आत्मसम्मान से जीने के लिए सरकार ने घर घर शौचालय का निर्माण कराया, उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके खाते में हर महीने सरकार 1000 रुपए डाल रही है। किसानों को प्रति एकड़ 20000 रुपए की अंतर राशि मिल रही है उनके धन भी सरकार अब 3100 रुपए प्रति कुंतल की दर से खरीद रही है इतना ही नहीं किसानों को 2014-15 और 2015-16 का एकमुश्त बोनस भी दे दिया गया। युवाओं को रोजगार के लिए अकेले शिक्षा विभाग नहीं 33000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है इतना ही नहीं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। गरीबों को मुफ्त में मकान, गैस कनेक्शन, 35 किलो प्रति माह राशन, हर घर जल दिया जा रहा है। यह लोकसभा चुनाव राष्ट्र निर्माण का चुनाव है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। विकसित भारत बनाने का चुनाव है यह चुनाव भारतीयों को विश्व में आत्म सम्मान दिलाने का चुनाव है। एक ऐसे भारत के निर्माण का चुनाव है जहां गरीब महिला युवा किसान को आत्म निर्भर बनाने उनके जीवन में खुशहाली लाने का चुनाव है।

## गौशाला में की गायों की सेवा, दिया औषधि दान

### श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल और जैन मिलन महिला का संयुक्त आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में विगत 15 दिनों से समाज कल्याण, सेवा, जागरूकता, जीव दया जैसे विभिन्न सकारात्मक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उसी श्रृंखला में बुधवार को श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल और जैन मिलन महिला रायपुर के संयुक्त तत्वावधान् में मूक पशुओं के प्रति सेवा, करूणा भावना रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया।



शहर के मोहदा पारा स्थित महावीर गौशाला में श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल और जैन मिलन महिला मंडल की समस्त सदस्यायें बड़ी संख्या में पहुंचीं। गौशाला की गायों के प्रति जीव दया, सेवा भाव और औषधि दान के कार्यक्रम में गुड़, चना, केले, रोटियां, ब्रेड जैसी भोजन सामग्री को अपने हाथों से सभी ने वहां उपस्थित गायों को खिलाया और उनकी सेवा-सुश्रुषा की। अध्यक्ष वर्षा जैन सिंघई ने कहा कि इस गौशाला में करीब 600 गायें हैं जिनका रख-रखाव बहुत बेहतर तरीके से किया जा रहा है, गौमाता की सेवा करने करने के लिए हम प्रतिवर्ष सहयोग की भावना से यहां आते हैं। दोनो मंडल की ओर से गौवंशों को बीमारी आदि से बचाने और रोकथाम करने के लिए औषधि दान राशि भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम की संयोजक वर्षा जैन सिंघई, डॉ. मंजुला जैन और डॉली जैन थीं। इस अवसर पर जैन मिलन महिला की वर्षा जैन सिंघई, श्रृद्धा जैन, वंदना जैन, रेशू जैन, प्रीति जैन, रूचि जैन, दीपाली जैन, रेखा जैन, प्राची जैन, मीना जैन, सोनम जैन, लता जैन तथा आदिश्वर महिला मंडल की संस्थापक अध्यक्ष अनिता जैन, डॉ. मंजुला जैन, ममता जैन, अलका जैन, आरती जैन, सुषमा जैन, संगीता जैन, राजुल जैन, अंजलि जैन, सुमन जैन, नंदा जैन, प्रतिभा जैन, आभा जैन, स्मिता जैन सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जन्म कल्याणक पर गुढ़ियारी में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर एवं जांच शिविर आयोजित

### 12 अप्रैल को सामुहिक सामायिक का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 के अवसर पर आज 11 अप्रैल को प्रतिदिन की तरह प्रातः प्रभात फेरी सुबह 6.30 बजे चल मंदिर गुड़ियारी से श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन चैत्यालय होते हुए मारुति मंगलम सदन गुढियारी श्री नगर रोड गुड़ियारी तक में समाप्त हुई जहा बच्चो के फैंसी फैंसी ड्रेस एवं प्रश्नोत्तरी सपर्धा आयोजित कर पुरुस्कार वितरण किया गया।जिसके कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ, रायपुर है। गुरूवार, 11 अप्रैल, 2024 को सुबह 10 बजे से दोप. 2 बजे तक मारुती मंगलम् भवन, गुढ़ियारी, रायपुर में जियो और जीने दो के सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुए अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन महावीर जन्म कल्याणक समिति एवं हेरिटेज हॉस्पिटल, कचना के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में किया गया। जिसमे लगभग 150 लोगो ने वहा पहुंच कर स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में परामर्श एवं जांच का लाभ प्राप्त किया।इस शिविर में हेरिटेज हॉस्पिटल के डा. निश्चल तिवारी जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं डॉ. प्रशांत कुलकर्णी मेडिसिन विभाग, डा विकास कुमार मिश्रा आई स्पेशलिस्ट, डा.भरत अग्रवाल कॉर्डियोलॉजिस्ट, डा.ममता ललवानी स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित थी। जनसेवा की ओर बढ़ते कदम जैन श्री संघ गुढ़ियारी के विकास सेठिया, निलेश लुनिया, प्रभात चोपड़ा, भावेश सेठिया, इंदर सराफ विशेष रूप से उपस्थित थे। कल दिनांक 12 अप्रैल को महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक सामायिक आराधना का कार्यक्रम सुबह 8.55 बजे से 9.55 बजे तक एम .जी रोड स्थित जैन दादा बाड़ी में रखा गया है।जिसमे सकल जैन समाज के सभी घटक एक साथ एक ही स्थान में उपस्थित होकर सामायिक आराधना करेंगे।



## एस.आर.यू. में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



उदाहरण के माध्यम से बताया गया, एक दीवासीय इस कार्यशाला में विश्विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उद्यमिता के बारीकियों को जाना और समझा तथा अपने अलग अलग प्रश्न के उत्तर मुख्य वक्ता के माध्यम से प्राप्त किये।

**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन कर एकेडमिक डीन प्रोफेसर डॉ. आर आर आर बिराली के स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रारंभ हुई। मंचासीन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमार शर्मा, उप कुलसचिव मनोज सिंह और मुख्य वक्ता इंजीनियर पी.के. निमोंनकर रायपुर ने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश बच्चो में उद्यमिता और उसके विकास के बारे में अवगत काराना था, भविष्य में उद्यमिता के महत्त्व और उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया, छात्रों को उद्यमिता के नए आयाम और उसके क्रम को विभिन्न प्रकार के उदाहरण के माध्यम से बताया गया, एक दीवासीय इस कार्यशाला में विश्विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उद्यमिता के बारीकियों को जाना और समझा तथा अपने अलग अलग प्रश्न के उत्तर मुख्य वक्ता के माध्यम से प्राप्त किये। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जीवंत उदाहरण के माध्यम से उच्च नैतिक मूल्यों के बारे में बताया और छात्रों को राष्ट्र और समाज के प्रति मौलिक कर्तव्यों की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथलेश सिंह हेड ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह, प्रसादी और शॉल, श्री फल द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सहायक प्रोफेसर लीना सिंह और हंसा झा द्वारा किया गया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मिथलेश सिंह ने दिया एवं फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग सभी सहायक प्रोफेसर, लैब सहायक भी उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम साव ने महतारी मन ले पुछिस- कतका पईसा मिलिस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कांकेर लोकसभा के खिसोरा में उपमुख्यमंत्री अरुण साव का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं स्थानीय महिलाओं ने भी डिप्टी सीएम का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान डिप्टी सीएम ने महिलाओं के साथ संवाद किया। उनसे महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी ली। गांव की महिलाओं ने खुशी जताते हुए बताया कि भाजपा ने पीएम मोदी की गारंटी को पूरा किया है। महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त 3 अप्रैल को मिल गया। जबकि कांग्रेस ने वादा करके भी नहीं दिया। इस बार फिर से भाजपा को चुनेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री ने एक बुजुर्ग किसान से भी चर्चा की। किसान ने बताया कि धान खरीदी 3100 रुपए में की जा रही है। इससे गरीब किसानों का मान बढ़ा है। अंतर की राशि भी एकमुश्त दी गई। दो साल का बोनस भी दिया।

## रायपुर रेलवे स्टेशन में 79 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ाए तीन तस्कर

**रायपुर (विसं)।** जीआरपी ने रायपुर रेलवे स्टेशन से करीब 16 लाख रुपए कीमत का 79 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने तीन तस्करो को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिसा से गांजा लेकर आये थे।



मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर जेआर ठाकुर, के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर ट्रेनो में अवैध रुप से नशीला पदार्थ परिवहन की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है। जिसके परिपालन में जीआरपी रायपुर द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में 10 अप्रेल को एन्टी काईम और जीआरपी की टीम पूरे स्टेशन परिसर में जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान रेल्वे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 2 बिलासपुर छोर ओव्हर ब्रिज के नीच तीन लोग खड़े थे जो संदिग्ध लग रहे थे जिस पर टीम ने उनके पास जाकर उनक सामानों की जांच की तो उनके पास से अवैध रुप से रखा मादक पदार्थ गांजा मिला। पुछताछ में तीनों ने अपना नाम प्रशांत कुमार लीमा पिता नबीन लीमा उम्र 30 वर्ष निवासी मानिकपुर थाना मोहना जिला गजपति ओडिशा, चितरंजन पाइक पिता जुधिष्ठिर पाइक उम्र 29 वर्ष निवासी चंन्द्रगिरि थाना मोहना जिला गजपति ओडिशा, तरंग राणा पिता गजपति राणा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम चौरा थाना सिनापाली जिला नुवापाडा ओडिशा का होना बताया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे ओडिशा से ट्रेन नं 12146 पुरी एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस से गांजा लेकर आये आए थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 79 किलोग्राम गांजा जब्त किया है जिसकी कीमत 16 लाख रूपये बताई गई है।

## आज से 17 अप्रैल तक कुम्हारी ओवरब्रिज से आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

### ओवर ब्रिज में मरम्मत कार्य के पश्चात लोड टेस्ट किया जाना है

### जाम से बचने हेतु 04 पहिया एवं छोटे वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें

**रायपुर (आरएनएस)।** वर्तमान में कुम्हारी ओवर ब्रिज के दुर्ग से रायपुर मार्ग में मरम्मत कार्य के पश्चात लोड टेस्ट किया जाना है जो कल दिनांक 12 अप्रैल से प्रारंभ किया जावेगा इस हेतु दुर्ग से रायपुर एवं रायपुर से दुर्ग आने वाले वाहन चालको के लिए ओवर ब्रिज मार्ग सभी वाहन चालको के लिए आगामी 06 दिनो के लिए पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान जाम की स्थिति से बचने के लिए यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा रायपुर दुर्ग आने-जाने वाले हल्के चार पहिया वाहन (कार, जीप, सूमो, माल वाहक आदि) एवं दो पहिया वाहन चालक निम्नानुसार वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें-

चरोदा क्षेत्र के नागरिकगण रायपुर आने-जाने के लिए रायल खालसा ढाबा से ग्राम उरला-ग्राम कुरूदडीह,-ग्राम पाहंदा से अमलेश्वर होकर महादेव घाट मार्ग का उपयोग करें। खुर्सीपार एवं पुरानी भिलाई के आमजन रायपुर आने-जाने के लिए सिरसा गेट चौक से ग्राम सिरसा कला से मोतीपुर से अमलेश्वर मार्ग का उपयोग करें। इसी प्रकार दुर्ग, सेक्टर एरिया, नेहरू नगर, सुपेला एवं पावर हाउस के रहवासी रायपुर आने-जाने के लिए नेवई-उतई-फुण्डा-मोतीपुर से अमलेश्वर होकर रायपुरा चौक मार्ग का उपयोग करें। यातायात पुलिस दुर्ग (दुर्ग-भिलाई) के आम नागरिको से अपील करती है कि रायपुर आना-जाना करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा दिये गये अपने-अपने क्षेत्र के वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करे और अपना समय एवं ईधन दोनो का बचत करें और जाम की स्थिति से बचे।

## केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी : कांग्रेस

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हर गरीब परिवार की एक महिला को महालक्ष्मी मान कर उनके खाते में साल के 1 लाख रू डालने का संकल्प लिया है। महिलाएं 'घर का बैंक' होती हैं जिनके पास गया एक-एक रुपया परिवार को मज़बूत बनाने में ही लगता है और मज़बूत परिवार ही मज़बूत समाज का आधार हैं। महिला को अब किसी के आगे हाथ फैलाने या नज़र झुकाने की ज़रूरत नहीं होगी। पढ़ाई, कमाई और दवाई का बोझ घर की महिला खुद अपने कंधों पर उठाने में सक्षम होगी। महिलाओं के हाथ में एक लाख का मतलब परिवार के सामने अचानक आई किसी विपदा से निपटने का इंश्योरेंस भी है। यह योजना बड़ी संख्या में छोटे निवेश वाले बिजनेस शुरू करने में सहायक बन कर गांव-गांव महिलाओं को उद्यमी भी बनाएगी। कांग्रेस देश के उज्वल भविष्य के लिए महिलाओं की आकांक्षाओं में निवेश पर विश्वास रखती है। महालक्ष्मी सिर्फ एक योजना नहीं है बल्कि आधी आबादी के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की गारंटी है।



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा कांग्रेस ने युवाओं के बाद महिलाओं, किसानों की समृद्धि के लिये पांच-पांच गारंटिया दिया है। कांग्रेस पार्टी देश की महिलाओं से वादा करती है कि कांग्रेस की केन्द्र सरकार महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करेगी। जिसमें हर महिला को साल में एक लाख रू. अर्थात महीने में 8333 रू. मिलेंगे। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में माताओं, बहनों को महिने में मात्र 1000 रू. साल में 12000 रू. देगी। कांग्रेस की सरकार इसका 8 गुना ज्यादा महिलाओं को देगी। कांग्रेस की सरकार केंद्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की करेगी। आशावर्कर, आंगनबाड़ी तथा मिड्डे मील कार्यकर्ताओ को केन्द्रीय सहायता कांग्रेस की सरकार बनने पर दुगुना किया जायेगा। महिलाओं के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिये प्रत्येक पंचायत में कानूनी सहायक की नियुक्ति की जायेगी। देश के सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिये हास्टल बनाया जायेगा।

## बीजेपी नेता का दावा- बड़ा षडयंत्र रच रही हैं कांग्रेस

**रायपुर (विसं)।** भाजपा ने कांग्रेस पर प्रधानमंत्री के खिलाफ बयान देने का आरोप लगाया है. भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि प्रदेश के कांग्रेस नेता लगातार पीएम नरेंद्र मोदी के विरुद्ध बयान दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जो कुछ भी हो रहा है उसमें प्रदेश के कांग्रेस नेताओं की सहभागिता है और कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व चुप है. आखिर पीएम मोदी को लेकर किस तरह का षडयंत्र करने में प्रदेश के नेता लगे हुए है. भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि नक्सली भाजपा को वोट नहीं देने का फरमान जारी कर रहे हैं. बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हो रही है. यह सब कांग्रेस के किसी बड़े षडयंत्र की ओर इशारा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि क्या इन बयानों से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहमत है अगर सहमत नहीं है तो क्या प्रदेश के अपने नेताओं पर कार्यवाही करेंगे ?









प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354